दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2020, आश्विन कृष्ण पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-174 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

हाथरस को न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश और दुनिया में नई पहचान दिलाने वाले मूर्धन्य हास्य कवि काका हाथरसी अगर आज होते तो निश्चित रूप से हाथरस की घटना और इसके बाद हो रही नौटंकी पर तंज कसते। यह बात अलग है के काका हाथरसी के हसगुल्ले राजनीतिक विदूषकों को शायद हजम नहीं होते। काका हाथरसी होते तो शायद यही कहते- हाथरस में देखों बह रही राजनीति रस की धार, जिसे देखकर नेताओं की घुटनों तक टपक रही है लार, पक्ष और विपक्ष के बीच खींच गई है तलवार, दोनों ही एक दूसरे पर पूरी ताकत से कर रहे हैं प्रहार।

हाथरस पीड़िता के परिजनों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं : राहुल-प्रियंका

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाथरस की पीड़ित युवती के परिजनों के साथ पुलिस के व्यवहार की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्हें धमकाया तथा डराया जा रहा है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। श्री गांधी ने कहा, इस प्यारी बच्ची और उसके परिवार के साथ उत्तर प्रदेश सरकार और उसकी पुलिस द्वारा किया जा रहा व्यवहार मुझे स्वीकार नहीं। किसी भी हिन्दुस्तानी को ये स्वीकार नहीं करना चाहिए।

श्रीमती वाड्रा ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार नैतिक रूप से भ्रष्ट है। पीड़िता को इलाज नहीं मिला, समय पर शिकायत नहीं लिखी, शव को जबरदस्ती जलाया, परिवार कैद में है, उन्हें दबाया जा रहा है - अब उन्हें धमकी दी जा रही कि नार्को टेस्ट होगा। ये व्यवहार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाथरस की पीड़िता को न्याय दिलाने में राष्ट्रपति करें मदद : मायावती

__लखनऊ (वार्ता)।__ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने हाथरस में सामूहिक बलात्कार कांड की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये हस्तक्षेप की अपील की है। सुश्री मायावती ने शनिवार को ट्वीट किया फ़ हाथरस जघन्य गैंगरेप काण्ड को लेकर पूरे देश में ज़बरदस्त आक्रोश है। इसकी शुरूआती आई जाँच रिपोर्ट से जनता सन्तुष्ट नहीं लगती है। अतः इस मामले की सीबीआई से या फिर माननीय सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जाँच होनी चाहिये, बसपा की यह माँग है। उन्होने कहा देश के माननीय राष्ट्रपति यूपी से आते हैं व एक दलित होने के नाते भी इस प्रकरण में ख़ासकर सरकार के अमानवीय रवैये को ध्यान में रखकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये दखल देने की भी उनसे पुरज़ोर अपील।

जीएसटी कलेक्शन ग्रोथ में छग दूसरे स्थान पर

- **कोरोना संकट में भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार**
- **सितंबर माह में जीएसटी कलेक्शन में 24 प्रतिशत की वृद्धि**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कोरोना संकट काल में भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने के दूर-दर्शितापूर्ण निर्णय के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। सितम्बर माह में देश के अन्य राज्यों की तुलना में जीएसटी कलेक्शन के मामले में छत्तीसगढ़ में दूसरी सबसे बड़ी ग्रोथ दर्ज की गई है। छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष सितम्बर माह की तुलना में वर्ष 2020 के सितम्बर माह में जीएसटी कलेक्शन में 24 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई। वर्ष 2019 सितंबर माह में छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन 1490 करोड़ रुपए था, जो वर्ष 2020 सितंबर माह में कोरोना संकट के बावजूद बढ़कर 1841 करोड़ रुपए हो गया। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय से जारी जीएसटी संग्रह के ताजा आंकड़ों के अनुसार जम्मू-कश्मीर 30 प्रतिशत की टैक्स कलेक्शन ग्रोथ के साथ प्रथम स्थान पर है।

खास- खबर

कुवैत के अमीर के सम्मान में जम्मू-कश्मीर में आधा झुका रहेगा राष्ट्रीय ध्वज

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर सरकार ने कुवैत के अमीर महामहिम शेख सबा-अल-अहमद अल-जबा अल-सबा के निधन पर उनके सम्मान में रविवार को एक दिवसीय शोक की घोषणा की है और इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। सरकार की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज शोक की अवधि के दौरान जम्मू-कश्मीर की उन सभी इमारतों और स्थानों पर आधा झुका रहेगा जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म किये जाने के बाद यह दूसरा मौका है जब राष्ट्रध्वज झुकाया गया है।

राहुल गांधी करेंगे ट्रैक्टर रैली की अगुवाई

मोगा (वार्ता)। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी नये कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के समर्थन में कल मोगा जिले के बधनीकलां से शुरू होने वाली ट्रैक्टर रैली की अगुवाई करेंगे। श्री गांधी के साथ मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पार्टी के पंजाब मामलों के प्रभारी हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कई अन्य वरिष्ठ नेता भी होंगे।

करतारपुर कॉरीडोर कोविड प्रोटोकॉल के आधार पर खोलेंगे : भारत

नई दिल्ली (वार्ता)। सिखों के प्रथम गुरु नानक देव के पवित्र स्थान करतारपुर साहिब के लिए कॉरीडोर को फिर से खोलने के पाकिस्तान के प्रस्ताव पर भारत ने आज सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बारे में कोई भी निर्णय कोविड प्रोटोकॉल और प्रतिबंधों में ढील के अनुरूप लिया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने पाकिस्तान के प्रस्ताव के बारे में संवाददाताओं के सवालों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एसआईटी की रिपोर्ट आते ही कार्रवाई करेगी योगी सरकार

__वाराणसी (वार्ता)।__ केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने हाथरस सामूहिक दुष्कर्म को लेकर हो रही राजनीति की निंदा करते हुए आज कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दी है और जांच रिपोर्ट के आते ही तुरंत यथोचित कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती ईरानी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने खुद मख्यमंत्री से बात की है। मुख्यमंत्री ने एसआईटी का गठन किया है और आरंभिक रिपोर्ट पर हाथरस के पुलिस अधीक्षक को निलंबित भी किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोषियों को सज़ा देने के सख्य कदम उठाएँगे ।

सीबीआई जांच की सिफारिश करें सीएम योगी : अनुप्रिया

__लखनऊ (वार्ता)।__ उत्तर प्रदेश में हैवानियत की शिकार पीड़िता को न्याय दिलाने के लिये अपना दल (एस) अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने योगी सरकार से अपील की है कि वह मामले की सच्चाई सामने लाने के लिये सीबीआई जांच की अनुशंसा करे। श्रीमती पटेल ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि हाथरस कांड में पीड़िता के परिजनों को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। योगी सरकार द्वारा हाथरस के पुलिस अधीक्षक समेत पांच अधिकारियों को निलंबित करने का फैसला स्वागत योग्य कदम है।

बीजेपी है कोरोना से बड़ी महामारी, दलितों-अल्पसंख्यकों पर अत्याचार : ममता बनर्जी

कोलकाता ए.। हाथरस गैंगरेप केस पर उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली और कोलकाता तक सियासत गर्म है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक विरोध प्रदर्शन की अगुआई की और बीजेपी सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने हाथरस जाने और पीड़िता के परिवार से मिलने की भी इच्छा जाहिर की। ममता ने कहा कि अल्पसंख्यकों और दलितों के खिलाफ हो रहे हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर तनाशाही चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भगवा

पार्टी एक 'महामारी' है, जो दलितों पर सबसे ज्यादा जुल्म कर रही है।

प्रदेश के 10 जिलों में 5.56% लोगों में पाई गई एंटीबॉडीज

नव प्रदेश संवाददाता

आईसीएमआर ने जारी की सीरो सर्विलेंस की रिपोर्ट

5083 सैंपलों में 283 सैंपलों में मिली एंटीबॉडीज, इनमें आम लोगों के 97 और उच्च जोखिम समूह के 186 सैंपल शामिल

रायपुर। आईसीएमआर ने छत्तीसगढ़ के दस जिलों में संपन्न सीरो सर्विलेंस की रिपोर्ट जारी की है। सर्विलेंस में प्रदेश के 5.56 प्रतिशत लोगों के शरीर में कोरोना संक्रमण के विरुद्ध लड़ने वाले एंटीबॉडीज की मौजूदगी पाई गई है। आईसीएमआर की टीम द्वारा सीरो सर्विलेंस के लिए दस जिलों से कुल 5083 सैंपल संकलित किए गए थे। इनमें से 283 सैंपलों में एंटीबॉडीज मिली हैं। इनमें आम लोगों के 97 और उच्च जोखिम समूह के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अटल रोहतांग सुरंग राष्ट्र को समर्पित

मनाली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश में मनाली-लेह मार्ग पर निर्मित सामरिक रूप से महत्वपूर्ण और सभी मौसम में खुली रहने वाली अटल रोहतांग सुरंग आज राष्ट्र को समर्पित की जिससे मनाली और लेह की बीच की दूरी लगभग 46 किलोमीटर कम होने के साथ ही आवागमन का समय भी 4-5 घंटे कम हो जाएगा। श्री मोदी ने लगभग दस बजे इस सुरंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ, राज्य के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर, सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक ले. जनरल हरपाल सिंह, हिमाचल प्रदेश के अनेक सांसद, विधायक, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, सुरंग की निर्माता निजी कम्पनी के अधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन के बाद सुरंग के उत्तरी छोर से निगम की एक बस को हरी झंडी दिखा कर इसमें करीब 15 बुजुर्गों को दक्षिण छोर की ओर भी रवाना किया। उन्हें इस मौके पर बीआरओर के महानिदेशक हरपाल सिंह ने इन्हें सुरंग की विशेषताओं, निर्माण तकनीक और इसके सामरिक महत्व की भी जानकारी दी।



विलम्ब से अटल सुरंग की लागत बढ़ी, सैन्य क्षमताओं को रोकने का प्रयास हुआ : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में वर्ष 2014 तक रही कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुये आज कहा कि देश में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजनाओं तथा सैन्य क्षमताओं को लेकर न केवल अगम्भीर रवैया अपनाया गया बल्कि इन्हें रोकने का प्रयास किया गया। श्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश में मनाली-लेह राजमार्ग पर रोहतांग की पीर पंजाल की पहाड़ियों में निर्मित सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण और सभी मौसम में खुली रहने वाली अटल रोहतांग सुरंग राष्ट्र को समर्पित करने के बाद अपने सम्बोधनों में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने सैन्य क्षमता को रोकने का प्रयास किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने वर्ष 2002 में इस सुरंग के सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास किया था लेकिन उनके बाद आई केंद्र सरकार ने इस इस काम को लगभग भुला दिया गया ।

नासा से उड़ चला कल्पना चावला के नाम वाला कार्गो अंतरिक्ष यान

नई दिल्ली ए.। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर से आज नॉर्थरोप ग्रमैन के उस अंतरिक्ष यान की लॉन्चिंग हुई है। जिसका नाम भारतीय मूल की पूर्व अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के नाम पर रखा गया था। गुरुवार रात को अंतरिक्ष यान को लॉन्च किया गया। कई तकनीकी कारणों से अंतरिक्ष यान की लॉन्चिंग में विलंब हो गया था लेकिन अब उसे लॉन्च कर दिया गया है। नासा ने यान की देरी के कारणों का विवरण नहीं दिया है। एनजी -14 मिशन पर, एस.एस. कल्पना चावला को स्टेशन पर लगभग 3,630 किलोग्राम माल पहुंचाना था। नॉर्थरोप ग्रुमैन ने अंतरिक्ष स्टेशन में चीजें पहुँचाने वाले अपने अगले अंतरिक्ष यान का नाम भारतीय मूल की पूर्व अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के नाम पर रखा है।

कामयाब होने के लिए भारतीय पूरी दुनिया से कर सकते हैं मुकाबला : जीन हैरिसन

कल्पना चावल के नाम वाले अंतरिक्ष यान की लॉन्चिंग का समय उनके पति समेट कई लोगों के लिए गर्व का क्षण था। जीन हैरिसन ने कहा, ये जानकर कल्पना बहुत खुश होती कि इस रॉकेट का नामकरण उनके नाम पर रखा गया है। अपने एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि कामयाब होने के लिए भारतीय पूरी दुनिया से मुकाबला कर सकते हैं। अंतरिक्ष की दुनिया में कल्पना चावला का योगदान अतुलनीय है। उनके द्वारा किए गए कामों ने न केवल उनके सहकर्मियों बल्कि कई भारतीयों को भी प्रेरित किया है।

अब घर बैठे करवा सकते हैं मां वैष्णो देवी की ऑनलाइन पूजा

जम्मू ए.। दुनिया भर में फैले कोरोना संकट की वजह से देश भर के श्रद्धालु वैष्णो देवी नहीं पहुंच पा रहे हैं. ऐसे में श्रद्धालुओं तक माता का प्रसाद पहुंचाने और ऑनलाइन पूजा के लिए श्री माता वैष्णो देवी बोर्ड ने व्यवस्था शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन पूजा बुक करने के लिए आपको श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट maavaishnodevi.org पर बुकिंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मौलाना आज़ाद शिक्षा प्रतिष्ठान
(अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)
मौलाना आजाद कैम्पस, चेम्सफोर्ड रोड, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, (पहाड़गंज की तरफ) नई दिल्ली-110055, फोन नं. 011-23583788/89
वेबसाइट: www.maef.nic.in, ई-मेल : scholarship-maef@nic.in

छात्रवृत्ति 2020-21
छात्राओं के लिए

1. मौलाना आज़ाद शिक्षा प्रतिष्ठान 6 अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों (अर्थात मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, पारसी और जैन) के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मेधावी छात्राओं को **"बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति"** प्रदान करा रहा है। कक्षा 9वीं, 10वीं के लिए छात्रवृत्ति @₹5000/- और कक्षा 11वीं, 12वीं के लिए @₹6000/- प्रदान की जाती है। कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली उन अल्पसंख्यक छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी जिन्होंने पिछली कक्षा में कम से कम **50%** अंक या समकक्ष ग्रेड हासिल किया हो और छात्रा के माता-पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख रुपये (रुपये दो लाख मात्र) से अधिक नहीं हो।
2. "बेगम हज़रत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति" योजना के अधीन चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन (अपलोडेड आवश्यक दस्तावेजों के साथ) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **31 अक्टूबर, 2020** है।
3. छात्राएं ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व एम.ए.ई.एफ की वेबसाइट अर्थात **www.maef.nic.in** पर उपलब्ध योजना के दिशानिर्देश का संदर्भ ले सकती हैं। आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे स्कूल सत्यापन प्रपत्र डाउनलोड कर लें और योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवार्य अन्य दस्तावेजों के साथ संस्था प्रमुख द्वारा सत्यापित कर उसी की स्कैन कॉपी अपलोड कर दें।
4. छात्रवृत्ति की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली द्वारा चयनित आवेदकों के बैंक खाते में सीधे अंतरित कर दी जायेगी।
5. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र अथवा इस संबंध में किसी अन्य सेवा के लिए कोई शुल्क/प्रभार नहीं है।
6. इस प्रयोजन के लिए मौलाना आज़ाद शिक्षा प्रतिष्ठान की भारत में अन्य **कोई शाखा अथवा प्राधिकृत कार्यालय/एजेंसी** नहीं है।

सचिव

टिप्पणी :
- ऑनलाइन आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों को केवल हिन्दी या अंग्रेजी में अपलोड किया जाना चाहिये।
- एम.ए.ई.एफ. को हार्ड कॉपी डाक द्वारा/हाथ से भेजने/जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

DAVP 27107/13/0002/2021

ताकत में इजाफा — **चीन से तनाव के बीच भारत ने परमाणु संपन्न शौर्य मिसाइल का किया परीक्षण**

800 किमी दूर तक लक्ष्य को पूरा तबाह कर सकता है 'शौर्य'

बालासोर ए.। भारत ने शनिवार को ओडिशा के बालासोर से शौर्य मिसाइल ने नए वर्जन का सफल परीक्षण किया। जमीन से जमीन पर मार करने वाला यह बैलेस्टिक मिसाइल परमाणु क्षमता से लैस है। यह मिसाइल 800 किलोमीटर दूर तक टारगेट को तबाह कर सकता है। यह मिसाइल मौजूदा मिसाइल सिस्टम को मजबूत करेगा और संचालन में हल्का व आसान है। भारत ने इस आधुनिक मिसाइल का परीक्षण ऐसे समय पर किया है जब एलएसी पर चीन के साथ तनाव चरम पर है।

मौजूदा मिसाइलों के मुकाबले यह हल्का है और इस्तेमाल भी आसान है। सूत्रों ने यह भी बताया कि टारगेट की ओर बढ़ते हुए अमितम चरण में यह हाइपरसोनिक स्पीड हासिल कर लेता है। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से इस साल घोषणा के बाद डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) स्ट्रैटिजिक मिसाइल के फील्ड में देश को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में है।

भारत ने इस बीच ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया है, जो 400 किमी दूर तक टारगेट को हिट कर सकता है जो पिछले मिसाइल की क्षमता से 100 किलोमीटर अधिक है। शौर्य मिसाइल का पहला परीक्षण 2008 में ओडिशा के चांदीपुर समेकित परीक्षण रेंज से किया गया था। इसके बाद सितंबर 2011 में इसका दूसरा परीक्षण किया गया था। पहले इसकी क्षमता 750 किलोमीटर दूर तक हथियार ले जाने की थी।

होल्हाबाग नवयुवा समिति बाकी ने गांधी जयंती पर निकाली रैली

गांधी - शास्त्री जयंती के अवसर पर 1 हजार मास्क, साबुन व सेनेटाइजर का वितरण किया गया

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। गांधी जी की 151 वी जयंती को यादगार बनाने के उद्देश्य को लेकर आज ग्राम बांकी होल्हाबाग नवयुवा समिति द्वारा कोरोना महामारी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुवे गाँव में संस्था द्वारा एक हजार नग मास्क, साबुन का वितरण और लोगों को सेनेटाइजर कर इस महामारी से बचने के उपाय के प्रति स्वच्छता के संदर्भ में बेनर, पोस्टर्स लगा कर जन जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को मास्क लगाने, बार-बार हांथ धोने, सोशल डिस्टेंस का पालन करने जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रामपाल सिंह ने कहा की स्वच्छता कोई ऐसा कार्य नहीं है जो पैसा कमाने के लिये किया जाए बल्कि, ये एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिये अपनाना चाहिये। स्वच्छता सबसे पुण्य का कार्य है जिसे जीवन का स्तर बढ़ाने के लिये एक बडी जिम्मेदारी के रुप में हर एक को अनुकरण करना चाहिये। हमें अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण की स्वच्छता, अपने आस-पास की स्वच्छता और कार्यस्थल की स्वच्छता

आदि करनी चाहिये। हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिये और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिये पेड़ लगाना चाहिये। इस अवसर पर सचिव नागेश साहू और पर्यावरण प्रभारी पवन निर्मलकर ने इस अभियान के उद्देश्य को बताते हुवे कहा कि हर दिन कोरोना के हजारों नए मामले सामने आ रहे हैं जबकि सैकड़ों लोगों की मौत हो रही है. दुनिया भर के कई शहरों और पूरे देश में लॉकडाउन की स्थिति देखने को मिल रही है जब तो इस रोग से बचने कोई वैक्सीन का निर्माण नही हो जाता तब तक इस महामारी से बचने का एक मात्र उपाय जागरूकता ही है। आज के इस अभियान में संस्था के संस्थापक रामपाल सिंह, अंशुल पूरी, सचिव नागेश साहू, पर्यावरण प्रभारी पवन निर्मलकर, यशवंत साहू, गोपाल यादव, रिंकू यादव, गप्पू पूरी, मयंक कैवर्त, सनत साहू, रंजीत पूरी, जीवेश गोस्वामी, संजय यादव, मुकेश निर्मलकर, अश्विनी निर्मलकर, रिकेश पूरी, दीपक निर्मलकर, संजय गोस्वामी, बबलू साहू, सोम यादव, राजू निर्मलकर, रामु साहू सहित संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

पानी भरने गई युवती का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने वाले सेंवांर गांव के युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। चकरभाटा थाना क्षेत्र के सेंवांर गांव की पीड़िता ने थाने में आकर उसके साथ हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने वाले युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि वह पानी भरने गांव के सूर्यवंशी कुंआ गई हुई थी। वहां उसे अकेला पाकर गांव के ही आकाश टंडन पिता कृष्णा टंडन उम्र (19 वर्ष) ने जबरिया उसका हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने की कोशिश की। पीड़िता के द्वारा एतराज करने पर वह उसे जबरिया शादी करने की धमकी देने लगा। इस रिपोर्ट पर आरोपी आकाश टंडन के खिलाफ जुर्म दर्ज कर इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप नगर पुलिस अधीक्षक सुनील डेविड को दी गई। और उनके मार्गदर्शन में आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर पतासाजी शुरू की गई। इस बीच पुलिस को मुखबिर से आरोपी के बारे में जानकारी मिली। जिसके आधार पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी आकाश टंडन को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल सहायक निरीक्षक रामाश्रय यादव प्रधान आरक्षक कमल फूल साहू तथा हरविंद्र कुटे की भूमिका सराहनीय रही।

सिम्स में कर्मचारियों द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

बिलासपुर (नव प्रदेश)। गांधी जंयती तथा विश्व रक्तदाता सप्ताह के उपलक्ष्य में सिम्स में कार्यारत अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्री आनंद अग्निहोत्री द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 33 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रक्तकोश प्रभारी डॉक्टर सुर्पणा गांगुली द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड का वितरण कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन छटन में

मुंगेली (नव प्रदेश)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं कविता व गीत प्रतियोगिता की गई निबंध प्रतियोगिता में कुमारी रश्मि प्रथम कुमारी पूजा साहू सेंकेण्ड टाइम कुमारी कविता तृतीय स्थान प्राप्त की इस अवसर पर वर्चुअल मीटिंग का भी आयोजन किया गया जिसमें सरपंच सुमंत साहू द्वारा गांधीजी के संबंध में विचार प्रस्तुत किया गया गांधीजी ने हमेशा सेवाग्राम में अपना विचार रखें महात्मा गांधी का जीवन सादगी से भरा हुआ था और वह हमेशा गरीब एवं सामान्य नागरिकों के बारे में सोचा करते थे उन्होंने अंग्रेजों से सत्य और अहिंसा के बल पर विजय प्राप्त की महात्मा गांधी हमारे लिए आदरणीय हैं उनके विचार से संपूर्ण विश्व में सेवा भाव के सहित यह दिवस मनाया जा रहा है।

सांसद ने वीडियो कांफ्रेंस वेबिनार के माध्यम से महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिवस मनाया

मुंगेली (नव प्रदेश)। मुंगेली जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन के आव्हान पर महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस 02 अक्टूबर 2020 को बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण साव ने वीडियो कांफ्रेंस वेबीनार के माध्यम से संबोधित किया। सांसद श्री साव ने कहा कि मोदी जी ने देश की सुरक्षा व सेना की मजबूती के लिए जहाँ राफेल विमान खरीदा वहीं स्व निर्मित मिसाइल को भी बढ़ावा दिया। श्री मोदी ने महात्मा गांधी व लालबहादूर शास्त्री के विचारों पर आधारित पर गरीब कल्याण हेतु राशि दी, आत्मनिर्भर भारत लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दिया, इन सबके क्रियान्वयन हेतु जारी 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा ऐतिहासिक कृषि बिल एवं ऐतिहासिक कृषि सुधारों (आत्मनिर्भर किसान) को लेकर जनजागरण अभियान पर जिले के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शैलेश पाठक ने स्वागत करते हुए वेबिनार की रुपरेखा बताई। वेबिनार का संयोजन आईटी सेल के जिला संयोजक सुनील पाठक व प्रदीप पाण्डेय ने किया।

अध्यक्ष गौ सेवा आयोग का जांजगीर प्रवास 7 को

जंजगीर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज का दो दिवसीय जांजगीर-चांपा जिला प्रवास 7 एवं 8 अक्टूबर को संभावित है प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अध्यक्ष राज्य गौ सेवा आयोग का दो दिवसीय जांजगीर-चांपा जिला प्रवास संभावित है 7 अक्टूबर को वह जिला मुख्यालय पहुंच कर गौशाला निरीक्षण के साथ स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं साथ ही उनके जांजगीर से चंपा होते हुए बाराद्वार के स्थानी कार्यक्रम में भी सम्मिलित होने की संभावना बताई जा रही है रात्रि विश्राम शिवरीनारायण मठ में होगा तथा 8 तारीख को वह शिवरीनारायण के स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होकर देर शाम तक रायपुर मुख्यालय श्री दूधाधारी मठ पहुंचने की संभावना बताई जा रही है यद्यपि अभी प्रोटोकॉल जारी नहीं हुआ है लेकिन यह कार्यक्रम संभावित माना जा रहा है। यदि उनका यह कार्यक्रम तय होता है तो जिले भर के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त अनेक सामाजिक संगठन के लोगों के द्वारा उनसे मुलाकात किए जाने की संभावना बताई जा रही है।

बैंक में घोटाले के मामले में किसानों के बयान हुए दर्ज

किसानों ने की अपराधियों पर कार्यवाही की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर (नव प्रदेश)। जिला सहकारी बैंक एटीएम घोटाला मामले में आज भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे ने नगर पुलिस अधीक्षक आर.एन .यादव के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया जिसमे कहा जिला सहकारी बैंक कि लापरवाही के वजह से ग्राम संबलपुरी के चार कृषक ठगी के शिकार हो गए , दुबे ने सीएसपी यादव से मांग किया कि अगर बैंक प्रशासन के कर्मचारियों से कड़ाई से पूछताछ की जाय तो बहुत जल्द अपराधी सलाखों के पीछे होगा , इस पर सीएसपी यादव ने धीरेन्द्र दुबे को आस्वस्त किया कि सिविल लाइन थाना से प्रथम सूचना पत्र को मंगाकर इस विषय मे अभीतक की गयी जांच का और परीछन

करवाता हुं ,साथ ही भारतीय किसान संघ द्वारा न्यायिक जांच की रिपोर्ट के प्रतिवेदन अतिरिक्त कलेक्टर से नही आने एवम किसान संघ को इस विषय पर अतिरिक्त कलेक्टर से मिलने के लिए कहा ताकि जल्द प्रतिवेदन मिलने के पश्चात अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके ,इसके बाद दुबे सहित किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुचकर एडीएम उइके से भेंटकर जांच प्रतिवेदन के विषय मे जानकारी ली ,श्री उइके ने बताया कि जांच प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को सौंपा जा चुका है ,जिसे किसान संघ अध्यक्ष ने सीएसपी यादव को फोन कर जानकारी दी ,इधर पीड़ित कृषकों का बयान भी आज सिविल लाइन थाने में इस केस के प्रभारी संजय बरेठ ने लिया। तथा बताया कि प्रथम सूचना पत्र क्रमांक 444/20 दिनांक 24/6/2020 पर धारा 420 के तहत अज्ञात व्यकित के खिलाफअपराध पंजीबद्ध किया गया है जिसकी जानकारी पीड़ित कृषकों को दी गयी एवम उनका तत्कालीक बयान लिया गया जिसमे पीड़ित कृषकों ने भी जल्द से जल्द जांच कर पुलिस से अपराधियों की शिनाख्त कर कार्यवाही करने की मांग की इन सब प्रकिया में किसान संघ के पदाधिकारी माधोसिंह विजय यादव पाहरूराम साहू एवम पीड़ित कृषक रामकुमार कौशिक , ठाकुरराम साहू , शिवकुमार साहू उपस्थित थे ।

कोरोना से डॉ. मनोज जयसवाल की हुई मौत

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर (नव प्रदेश)। कोविड अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज जायसवाल की उपचार के दौरान केयर क्योर हॉस्पिटल में मौत हो गई। कुछ दिनों पहले कोरोना संक्रमित होने पुष्टि के बाद उपचार चल रहा था। कोरोना मरीजों के उपचार में लगे स्वास्थ्य विभाग की टीम को आज गहरा सदमा पहुंचा जब संभागीय कोविड अस्पताल के प्रभारी तथा जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज जायसवाल की कोरोना से ही मौत हो गई। डॉ. जायसवाल के भाई की मौत भी पिछले महीने हुई थी। जिला अस्पताल में विगत वर्षो से पदस्थ डॉ. जायसवाल (52 वर्ष) की आज सुबह केयर एंड क्योर अस्पताल में मौत हो गई। कोरोना संक्रमण की रिपोर्ट आने के बाद उनका यहां बीते पांच दिनों से इलाज चल रहा था। संभागीय कोविड अस्पताल शुरू होने के बाद डॉ. मनोज जायसवाल पर मरीजों की देखभाल व स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों के प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी। वे विनम्र स्वभाव के सहज व

मिलनसार चिकित्सक थे। महामारी से निपटने के लिये दिये गये दायित्वों का वे निष्ठा से वहन कर रहे थे। बीते दिनों उनकी तबियत बिगड़ी तो कोविड टेस्ट कराया गया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें निजी अस्ताल में भर्ती कराया गया था। बीते माह ही डॉ. जायसवाल के छोटे भाई व गायत्री हॉस्पिटल सरकंडा के संचालक डॉ. अजय जायसवाल की मौत हो गई थी। वे हॉस्पिटल स्थित अपने कक्ष में मृत पाये गये थे।

कलेक्टर ने दिखाई राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन प्रचार रथ को हरी झण्ड़ी

मुंगेली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती 02 अक्टूबर के अवसर पर आज नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष संतू लाल सोनकर और कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने हरी झण्डी दिखाकर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन प्रचार रथ को रवाना किया। उन्होने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन प्रचार रथ को कलेक्टर परिसर से विकास खण्डो के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महादेव तेदंवे, मुंगेली नगर पालिका परिषद के पार्षदगण सर्व हेमेन्द्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, राहुल कुर्रे, संजय सिंह (साधू), राजशेखर यादव, संजय चंदेल, श्रीनिवास सिंह, प्रभु मल्लाह और मनु सोनी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन प्रचार रथ के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण एवं पहचान और कुष्ठ रोग के उपचार तथा उपचार अवधि तथा बहुऔषधि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है।

जिले में कोरोना संक्रमण से मरने वालो की संख्या बढ़कर हुई 11

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कोरोना संक्रमण से मरने वालो की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिले में अब तक 11पहुच गई है। शुक्रवार को 46 केस पॉजिटिव मिलने पर कोरोना संक्रमण की संख्या 1660 पहुच गई। कोरोना का संक्रमण चिकित्सा विभाग पर भारी पड़ रहा है 1064 मरीज डिस्चार्ज हो गए है जिसके पश्चात एक्टिव मरीज की संख्या 585 रह गई है। होम आइसोलेशन में 1020 मरीज है, होम आइसोलेशन से रिकवर मरीजों की संख्या 660 है, होम आइसोलेशन

में से 1 मरीज की मृत्यु हो गई है, इसके पश्चात होम आइसोलेशन में पॉजिटिव मरीज की संख्या 352 है। जिला चिकित्सालय के 1 महिला कर्मचारी पॉजिटिव पायी गई है, एक निजी अस्पताल के डाक्टर पॉजिटिव पाये गए है, एमसीएच लोरमी से 1 महिला पॉजिटिव पायी गई है। मुंगेली में पुलिस लाइन से 1 व्यक्ति पॉजिटिव पाये गए है। मुंगेली जिले में 46 नये कोरोना पॉजिटिव जिसमें मुंगेली ब्लाक में 15, लोरमी ब्लाक में 14 व पथरिया 17 कोरोना के संक्रमित पाये गए है- मुंगेली ब्लाक के 15 मरीजों का विवरण- सुभाष वार्ड 1, अम्बेडकर वार्ड 1, सरदार पटेल वार्ड 1, बड़ा बजार 1, दुल्हिन बाई 1, नारायणपुर 1, पुलिस लाईन नहर पार 1, मुंगेली 2, गोपालबाड़ी 1, बैगाकापा 1, भोभरा 1, जिला चिकित्सालय 1, विनोबा नगर 1, नया बस स्टैण्ड 1, और कई जगहों से मिले मरीज।

मदिरा बेचते 2 युवकों को पुलिस ने धर दबोचा

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। दो अलग अलग द मामलो में 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिनके पास से 66 पाव शराब जब्त की गई। मिली जानकारी के मुताबिक गांधी जयंती ड्राई डे पर अवैध शराब बेचने वालों पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने कड़ी कार्यवाही के लिए निर्देशित किए थे,जिसपर कोतवाली सीएसपी निवेश बरैया व थाना प्रभारी कलीम खान नजर बनाए हुए थे,इसी दौरान सूचना मिली की थाना क्षेत्र अंतर्गत कंसा चौक के पास रहने वाले गोलू उर्फ राजेश

पासी अपने घर में भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बेच रहा है,सूचना पर तत्काल टीम द्वारा घर में दबिश देकर तलाशी लेने पर एक कमरे में सफेद रंग की बोरी में 70 पाव अंग्रेजी गोवा स्पेशल शराब मिली,जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी गोलू पासी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कलेक्टर किया महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

मुंगेली (नव प्रदेश)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती 02 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष संतू लाल सोनकर और कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने जिला कलेक्टोरेट मुंगेली के प्रांगण में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हे नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर मुंगेली नगर पालिका परिषद के पार्षदगण सर्व हेमेन्द्र गोस्वामी, संजय चंदेल, श्रीनिवास सिंह, प्रभु मल्लाह और मनु सोनी मौजूद थे। उल्लेखनीय है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

5 दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जवानों के जीवन मे उमंग और उत्साह लाने के उदेश्य से पुलिस लाइन में योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम कराया जा रहा है। जिसमें पुलिस लाइन के अधिकारी व जवान शारीरिक ,मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से उन्हें नीरोगी एवं स्वस्थ रहने के लिए योग कर रहे है। योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम 1 अक्टूबर

से आरभ हो रहा है जो 5 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार कुजूर के मार्गदर्शन में, पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के परिपालन में स्पंदन अभियान जिले में लगातार चलाया जा रहा है।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 6 गुमशुदा बच्चे मिले

मुंगेली। गुम बच्चों के दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार कुजूर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल एवं एसडीओपी मुंगेली तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस के द्वारा विगत डेढ़ माह में 6 गुमशुदा बच्चों को दस्तयाब किया गया है।

0000000 स्कूल की कक्षाओं में किया गया लेख प्रतियोगिता का आयोजिन

ब्रिलियंट स्कूल में मनाई गई गांधी जी की जयंती

नव प्रदेश संवाददाता

जांजगीर। महात्मा गांधी जी के 151 वीं वर्षगांठ के शुभअवसर पर ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जांजगीर के प्रांगण में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री जी का 116 वीं जयंती आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन क्लास के माध्यम से 02 अक्टूबर 2020 को गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर कक्षावार गूगल क्लासरूम में प्रातः 10:30 बजे से 12:30 बजे तक लेख प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से पांचवी तक ''गांधी जी का चष्मा'' कक्षा छठवीं से

आठवी तक ''स्वदेश की डगर'' कक्षा नवमी व दसवी तक ''संकल्प भारत'' विषय पर लेख अपलोड किये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी के विधि सलाहकार अधिवक्ता श्री राजेश पाण्डेय लोक अभियोजक जिला - जांजगीर चांपा रहे। विद्यालय के निदेशक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह एवं विद्यालय के सदस्य श्री विष्णु धानुका द्वारा गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ माल्यार्पण किया गया तत्पष्चात ''वैष्णव जन को तेने कहिए पीड पराई जाणें रे'' भजन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। अधिवक्ता श्री राजेश पाण्डेय के द्वारा उपस्थित सभी जनों को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री जी के जयंती की बधाई व शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के द्वारा गांधी जी द्वारा दिये गये विचार पर चलने के लिए कहा व सुविचार के साथ गांधी जी जीवनी पर प्रकाश डाला।

सट्टा लगाते दो युवक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। आईपीएल मैच के दौरान सट्टा खिलाते दो युवकों को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया जिनके पास से टीवी ,मोबाइल बरामद कर कार्रवाई की गई। मामला तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत का है,पुलिस ने आरोपियों से नगदी रकम,टीवी व मोबाइल जप्त किया है मालूम हो कि आईपीएल सीजन 13 के प्रारंभ होने के बाद से ही पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप व नगर पुलिस अधीक्षक निमिष बरैया द्वारा सभी थाना प्रभारियो को पतासाजी के लिए लगाया है बीती रात मुखबिरी से सूचना मिली की तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरीखुर्द में प्रदीप किराना दुकान पर कुछ लोग टीवी के समक्ष ऑनलाइन मोबाइल के माध्यम से पैसों का

दाव लगाकर सट्टा खेलाया जा रहा है,जिसके बाद सूचना पर मौके पर पहुँच छापा मारा गया । इसदौरान प्रदीप कुमार रायकेश पिता स्वर्गीय हरीश रायकेश उम्र 33 वर्ष निवासी बंधवापारा हेमू नगर विकास उर्फ विक्की हरजानी पिता लालचंद हरजानी उम्र 30 वर्ष आरोपी प्रदीप कुमार रायकेश व विकास उर्फ विक्की हरजानी द्वारा अपने अपने मोबाइल के वाट्सअप एप के जरिये टीवी के साममे चेन्नई सुपर किंग व सनराइजर्स हैदराबाद के मध्य चल रहे आईपीएल मैच में ओवर व गेम हिसाब से हार जीत का खेल खेला रहे है।

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बदली बस्तर की स्थिति

■ बस्तर में जनजीवन का सुरक्षित होना रमन सिंह से बर्दाश्त नहीं हो रहा

■ बस्तर में 15 साल में निर्मित परिस्थितियों के लिये सबसे पहले रमन सिंह प्रदेश से माफी मांगे

रायपुर। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रमन सिंह 15 साल अपनी गलत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में माओवाद को खाद पानी देने और फलने-फूलने के लिये जिम्मेदार रहे। अचानक रमन सिंह द्वारा गहरी तंद्रा से जागकर राज्यपाल को पत्र लिखने पर प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह के 15 साल के शासन काल में दक्षिण बस्तर 3 ब्लाक तक सीमित माओवाद ने बढ़ते-बढ़ते प्रदेश के 14 जिलों को अपने गिरफ्त में ले लिया। झीरम, पेद्दागेल्लूर, सारकेगुड़ा, चिंतागुफा और ताड़मेटला जैसी घटनायें हुयी। रमन सिंह सरकार में 15 वर्ष में (औसत 73 से अधिक प्रतिवर्ष) 1099 सुरक्षा बलों के जवान-अधिकारी शहीद हुये और 1442 नागरिक (औसत 96 से अधिक प्रतिवर्ष) मारे गये। जबकि कांग्रेस की सरकार में 2019 में 21 और 2020 में 32 सुरक्षा बलों के जवान-अधिकारी कुल 53 (औसत 27 से भी कम प्रतिवर्ष) और 2019 में 46 और 2020 में 39 कुल 85 नागरिक (औसत 43 से भी कम प्रतिवर्ष)। रमन सिंह द्वारा झूठे आंकड़ों और दावों के साथ राज्यपाल को पत्र लिखना और माओवाद को लेकर आरोप सिर्फ झूठ फरेब और गलत आंकड़ेबाजी की साजिशों की राजनीति मात्र है।

रमन सिंह जैसे भाजपा नेताओं को इस बारे में सोचना चाहिये कि बस्तर में जो अप्रिय स्थिति, आदिवासियों के लिये जो निरंतर खतरनाक स्थिति भाजपा सरकार ने निर्मित की उसके लिये सबसे पहले भाजपा सरकार के 15 साल मुखिया रहे, रमन सिंह जी को प्रदेश की जनता से क्षमा याचना करना चाहिये। प्रदेश के लोगों से क्षमा याचना मांगने के पहले माओवाद के बारे में कुछ बोलने का रमन सिंह जी और भाजपा नेताओं को कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आज बस्तर में जो स्थितियां बेहतर हुई हैं। आदिवासियों का जनजीवन सुरक्षित हुआ है लेकिन यह बात रमन सिंह को हजम नहीं हो रही है क्योंकि साफ़दिख रहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा में बढ़ोत्तरी के पीछे उनकी ग़लत नीतियां ही थीं। श्री त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह की खुद की सरकार में तो लगातार माओवाद का विस्तार हुआ और माओवाद का विस्तार करने वाले कारणों को बढ़ावा दिया गया और उसके बाद कांग्रेस सरकार बनने के बाद भाजपा की केन्द्र सरकार ने सीआरपीएफ के बटालियनों को यहां से हटा लिया। अब वे बटालियन खाली हो गयी है, लेकिन रमन सिंह जैसे छत्तीसगढ़ विरोधी नेताओं के कारण इन बटालियनों को यहां अभी तक नहीं भेजा गया है।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह जी जैसे कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराने के लिये चिट्ठी लिखने वाले नेता अपने गिरेबान में झांक कर देखें। रमन सिंह जिम्मेदार है छत्तीसगढ़ में माओवाद विस्तार के लिये, माओवाद के फलने-फूलने के लिये। छत्तीसगढ़ में माओवाद के बढ़ने के लिये भाजपा सरकार की गलत नीतियां और भाजपा के नेताओं की माओवादियो से मिलीभगत जिम्मेदार रही है। कांग्रेस ने तो अपनी पूरी पीढ़ी को गंवाया है, माओवादियों के हाथों। रमन सिंह को ये पत्र लिखने के पहले अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिये। सारकेगुड़ा की जो रिपोर्ट सामने आई थी उससे छत्तीसगढ़ का हर संवेदनशील नागरिक शर्मिंदगी महसूस कर रहा है लेकिन भाजपा के माथे पर शिकन तक नहीं आई।

■ न्यूज गैलरी

काम करने के दौरान मजदूर झुलसा, अपराध दर्ज

रायपुर। करंट की चपेट में आने से एक मजूदर फैक्ट्री में काम करने के दौरान गंभीर रुप से झुलस गया। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। ग्राम तोड़ गांव थाना मंदिर हसौद निवासी कुलेश्वर वर्मा 32 वर्ष पिता घनश्याम वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का छोटा भाई मुकेश वर्मा अशोक कुमार जैन ठेकेदार के अधीन नवनिर्मित पावर कंपनी बोरझरा के द्वारा श्रमिक चाटर निर्माण किया जा रहा था। उक्त निर्माण कार्य जयलाल टेमरे शिवानंद नगर गुढ़ियारी की देखरेख में किया जा रहा था। 28 सितंबर को जयलाल टेमरे के मार्ग दर्शन में प्रार्थी का भाई मुकेश वर्मा लापरवाही पूर्वक काम कराने की वजह से करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। जिसे उपचार के लिये उपाध्याय हास्पिटल टाटीबंद में भर्ती किया गया है।

फैक्ट्री से मोबाईल व छैनी, हथौड़ी चोरी

रायपुर। फैक्ट्री में मेन गेट कुदकर कमरे में प्रवेशकर 2 मोबाईल फोन एवं छैनी,हथौड़ी चोरी करने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मकान सी 07 गोल्डन आर्केट कालोनी कोटा सरस्वती नगर रायपुर निवासी प्रिंस कुमार सिंह 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का उरला में पीके कंट्रक्शन कंपनी के नाम से कांटा तारा बनाने का एक छोटा सा फैक्ट्री है फैक्ट्री मे सुरक्षा कार्य हेतु ईश्वर पटेल नाम के व्यक्ति को रखा गया है। जो अपने परिवार के साथ फैक्ट्री कें अंदर बने चाटर मे निवास करता है दिनांक 01/10/2020 की रात्रि 02/45 बजे दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेन गेट मे चढ़कर कंपनी अंदर कुदकर अंदर रखे सामानों का निरीक्षण करते सीसीटीवी मे फुटेज में दिखाई दे रहे है। आरोपियों ने कंपनी के अंदर घूसकर ईशवर पटेल के कमरे में रखा दो मोबाईल फोन सैमसंग कंपनी की चोरी कर लिया तथा स्टोर रूम के ताला को खोलकर कमरे छैनी व हथौड़ी लोहे की की चोरी करके ले गए है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। गोपालनगर रामनगर गुढ़ियारी में पुलिस ने रामकिशन 33 वर्ष पिता पी .कृष्ण मूर्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही किया गया है।

ग्रामोद्योग उत्पादों की ई-कॉमर्स में बढ़ रही सहभागिता : गुरु रूद्र कुमार

■ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने ट्राइफेड ई-मार्केट का किया ऑनलाइन शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्र कुमार की पहल पर ट्राईफेड से हस्तशिल्प विकास बोर्ड का एमओयू होने के पश्चात ग्रामोद्योग के उत्पादों की ई-कॉमर्स में सहभागिता बढ़ी है। उल्लेखनीय है महात्मा गांधी जी की 151वीं जयंती के अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा द्वारा ट्राईफेड ई-मार्केट का ऑनलाइन शुभारंभ किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ का विशेष प्रतिनिधित्व रहा। समारोह के दौरान बैनर में 3 चित्रों में से 2 चित्र छत्तीसगढ़ के बस्तर के 'तुंबा शिल्प' और सुकमा का 'इमली चस्का' नाम का स्थानीय उत्पाद रहा है।

छत्तीसगढ़ की शिल्पकला को देश-विदेश में मिली सराहना

इस अवसर पर ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामोंद्योग को बढ़ावा देने तथा इसे लोगों के स्वावलंबन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसका बेहतर प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण विशेषकर

महिलाएं ग्रामोद्योग की गतिविधियों को अपनाकर आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही हैं। छत्तीसगढ़ की शिल्पकला को देश-विदेश में सराहा जा रहा है। हमारे शिल्पी राज्य के गौरव है। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप तथा ग्रामोद्योग संचालक सुधाकर खलखो ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए।

ट्राईफेड का ऑनलाइन बाजार बढ़ते हुए ई-कॉमर्स में देसी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा विशेष रूप से अनुसूचित जनजातियों वर्ग के शिल्पकार द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प कलाकृतियों एवं उपयोगी सामग्री को अब आसानी से बाजार उपलब्ध होगा। ग्रामोद्योग संचालक व प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड श्री सुधाकर खलखो ने बताया कि राज्य में हस्तशिल्प के क्षेत्र में लगभग 3000 अनुसूचित जनजाति के शिल्पकारों द्वारा हस्तशिल्प के क्षेत्र में कार्यरत हैं, जिसमें कुछ शिल्पकार वर्तमान ट्राईफेड से जुड़े हुए हैं। श्री खलखो ने बताया कि ट्राईफेड से बोर्ड का एमओयू होने के पश्चात इन शिल्पकारों को ई-कॉमर्स के बाजार से उनके उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा साथ ही सुकमा के विहान समूह के मसाले, इमली चस्का, कोरिया जिले के अनुसूचित जनजातियों द्वारा उत्पादित शहद, घी, हल्दी, लेमनग्रास, चावल, सरगुजा के मैनपाट से कालीन तथा अन्य जिलों से ढ़ोकरा और लौह शिल्प को अत्यधिक पसंद किया जा रहा है। ऑनलाइन ई-मार्केट के शुभारंभ के पश्चात छत्तीसगढ़ नवनिर्मित हस्तशिल्प के उत्पादों को भी ट्राईफेड के ऑनलाइन पोर्टल पर देशभर में खरीदी के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश के पांच जिलों में लगेंगे जेई के टीके

■ टीका लगाने संबंधी राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रशिक्षण

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के पांच जिलों में अब जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) के टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए बीते दिनों राष्ट्रीय स्तर पर टीकाकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। हालांकि छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पहले ही यह टीका लगाया जा रहा है। अब पांच अन्य जिलों के रहवासियों को भी दिमागी बुखार से बचाने के लिए टीके लगाए जाएंगे। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अमर सिंह ठाकुर ने बताया क्यूलेक्स ट्रीटीनियोरिंक्स मच्छर के काटने से जापानी इंसेफलाइटिस होता है। इससे बचाव में टीके का बड़ा महत्व होता है। जेई का टीका लगवाने के बाद बच्चे पर इस बीमारी के हमले का खतरा समाप्त हो जाता है। टीकाकरण के जरिये जेई से होने वाली मौत और विकलांगता के खतरे से बचा सकते हैं। टीकाकरण को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। जल्द ही सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारियों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद 1 से 15 साल आयुवर्ग को जेई कैम्पेन के तहत टीके लगाए जाएंगे। इन जिलों में लगेंगे टीके- जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) टीके प्रदेश के पांच जिलों में लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर राज्य के बीजापुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, धमतरी और बस्तर जिले में टीके लगाने की अनुमति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर वैक्सीन संबंधी ट्रेनिंग के बाद संबंधित क्षेत्र में टीके लगाए जाएंगे। जापानी इंसेफेलाइटिस - दिमागी बुखार विषाणुजनित मस्तिष्क का इनफेक्शन है। यह मच्छर के काटने से फैलता है। जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस जेईवी सूअरों और पक्षियों में पाया जाता है और जब मच्छर इन संक्रमित जानवरों को काटते हैं तो यह विषाणु मच्छरों में भी पहुंच जाता है। जेई एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।

बीमारी के लक्षण - तेज बुखार, भ्रम की स्थिति, हिलने-डुलने में दिक्कत, दौरे, शरीर के अंगों का अनियंत्रित ढंग से हिलना और मांसपेशियां कमजोर होना शामिल है।

हाथरस के दुष्कर्मियों की फांसी की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बेटी बचाओ मंच के प्रतिनिधि मंडल मिला राज्यपाल से

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। टिकरापारा क्षेत्र बेटी बचाओ मंच ने हाथरस सामूहिक दुष्कर्म व हत्या के आरोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से 3 माह के अंदर फांसी की सजा मुकर्रर करने की मांग को लेकर शाम 4:00 बजे प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के नेतृत्व में राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के परिजन रोते बिलखते रहे पर उनकी परवाह न करते हुए पीड़िता को रात 2:30 बजे पुलिस वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया। यह कृत्य धार्मिक मान्यता के विरुद्ध तथा गैर कानूनी है। सबूत नष्ट करने तथा आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप में ऐसे पुलिस वालों पर भी सख्त कार्यवाही की जावे। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से ललित मिश्रा, अंजलि यदु ,रूपा यादव, नीतीश शुक्ला ,नीतू साहू, खुशबू साहू सहित पदाधिकारी शामिल थे।

अमित के खुद पर तंत्र-मंत्र वाले बयान पर पार्टी नेता कर रहे भूल सुधार

अमित ने कहा- मुझे नुकसान पहुंचाने कांग्रेस तंत्र-मंत्र का सहारा ले रही, पार्टी नेता रिजवी बोले- पार्टी को तंत्र-मंत्र में नहीं लोकतंत्र में विश्वास

■ जेसीसी ने पूछा मोहन मरकाम बताए बिलासपुर के मोतीमपुर में क्या होता हैं

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मरवाही उपचुनाव से पहले सियासी बयान इतने तेज हो गए हैं कि समझदार और पढ़े-लिखे नेता भी ऊलजुलूल बयान जारी करने लगे हैं। फिलहाल इस तरह की सियासी जमात में कांग्रेस या भाजपा नहीं बल्कि सेंट इंस्टीफन के काबिल छात्र रहे पूर्व विधायक अमित जोगी ने दो दिन पूर्व ऐसा बयान जारी किया कि सभी चौंक गए। उन्हों ने चुनाव में हराने के लिए विरोधी दल कांग्रेस पर टोना-टोटका का आरोप लगा दिए। तंत्र-मंत्र का आरोप लगाते हुए जोगी ने पीसीसी चीफ मोहन मरकाम से सवाल किया कि बिलासपुर के मोतीमपुर में क्या होता है? इस चौंकाने और अंधविश्वास पर एक तरह से भरोसा करते बाकायदा प्रेस नोट भी जारी किए। इसके दो रोज बाद जेसीसी के वरिष्ठ नेता और अधिवक्ता इकबार अहमद रिजवी ने आज पुनः प्रेस नोट जारी करते हुए पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी के बयान की बड़ी सफाई से मुखालिफत करते हुए जोगी की पार्टी को तंत्र-मंत्र नहीं लोकतंत्र में भरोसा जताने वाला बताया। अब सियासी गलियारों और पार्टी में ही चर्चा है कि जोगी पार्टी के अध्यक्ष अमित के बचकाने बयान पर बचाव के साथ ही पीसीसी चीफ से पुनः पूछ रहे हैं कि मोतिमपुर में क्या होता है। लगाते हुए मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मीडिया चेयरमेन वरिष्ठ अधिवक्ता श्री इकबाल अहमद रिजवी ने कहा कल जब जेसीसी प्रमुख अमित जोगी के द्वारा विरोधियों पर चुनाव हराने के लिए तंत्र मंत्र करने की शंका जाहिर किया तब आज पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने उल्टे अमित जोगी पर ही तंत्र मंत्र कर चुनाव जीतने का अरोप लगा रहे और अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। श्री मरकाम जी का यह बयान ''चोर की दाढ़ी में तिनका''के कहावत को चरितार्थ करता हैं। रिजवी ने श्री मोहन मरकाम से पूछा की छत्तीसगढ़ की जनता को बताए कि आखिर बिलासपुर के मोतीमपुर में क्या होता हैं ? इस सवाल के साथ ही दूसरी तरफ रिजवी ने सफाई भी दी है कि जनता कांग्रेस तंत्र मंत्र में नहीं बल्कि लोकतंत्र में विश्वास करती हैं।

एक्सपर्ट व्यू | आरओबी रायपुर, पीआईबी रायपुर व एफओबी अंबिकापुर द्वारा कोरोना बचाव जागरूकता वेबिनार

कोरोना से बचाव के लिए इम्यूनिटी बढ़ाएं, सावधानी रखें व प्रसन्न रहें : चिकित्सा अधिकारियों की सलाह

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय, पत्र सूचना कार्यालय व क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय अंबिकापुर द्वारा शनिवार को कोरोना महामारी बचाव जागरूकता विषयक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में बतौर अतिथि वक्ता शासकीय मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के सहायक प्रोफेसर सह कोविड नियंत्रण केंद्र अंबिकापुर के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता व आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश माहौर रहे। इस अवसर पर चिकित्सकों ने सभी कोरोना से बचाव के लिए इम्यूनिटी बढ़ाने, सावधानी रखने व प्रसन्न रहने की सलाह दी।

डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने कोरोना, नोवल कोरोना व कोविड19 के बीच के फर्क को समझाया। उन्होंने बताया किन कारणों से डब्ल्यूएचओ ने कोरोना को महामारी का दर्जा दिया है। दुनिया कोरोना से समान रूप से जूझ रही है। खासतौर पर विकसित देश ज्यादा परेशान हैं। इस मामले में भारत की स्थिति अपेक्षाकृत ठीक है। उन्होंने कोविड जांच के तीन तरीके पर प्रकाश डाला। सीटी स्कैन से कोविड जांच के भ्रम को दूर किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि तीनों ही प्रकार के टेस्ट की प्रक्रिया काफी आसान है व जांच करवाने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार की पीड़ा नहीं होती है। कोरोना के लक्षण के बारे में उन्होंने बताया यदि बुखार 100 डिग्री से ज्यादा, शरीर में कमजोरी व दर्द महसूस हो रहा हो, हाई फीवर, सूंघने की क्षमता चली जाए, खाने में स्वाद नहीं है व लूज मोशन की समस्या हो तो ये कोरोना के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सतर्क और प्रसन्न रह कर कोरोना महामारी के खतरे को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय प्रमुख शैलेष फाये ने किया। आभार प्रकट अपर महानिदेशक सुदर्शन पंतोड़े ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय के प्रमुख शैलेष फाये ने बताया कि कोरोनो काल में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय लगातार प्रयासरत है। इसी कवायद के तहत कोरोनो जागरूकता विषयक वेबिनार लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।वेबिनार में प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय रायपुर के अधीनस्थ सभी क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी, पंजीकृत कलाकार दलों के प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधि, एनएसएस वॉलेंटियर व उनके अधिकारियों की सहभागिता रही।

चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, आयुष चिकित्सक डॉ. मुकेश माहौर ने बताए बचाव के उपाय

आयुर्वेद में इत्यूनिटी बढ़ाने के ढेरों उपाय मौजूद : डॉ. मुकेश माहौर

आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश माहौर ने कोरोना से बचाव के लिए आयुर्वेदिक उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी से बचाव के लिए इम्यूनिटी बढ़ाना सबसे अच्छा उपाय माना जाता है। आयुर्वेद में इत्यूनिटी बढ़ाने के ढेरों उपाय मौजूद हैं। खासतौर से कोरोना से बचाव के लिए आयुर्वेदिक दवाइयां अमृत के समान कर रही। उन्होंने लोगों को दिन भर गर्म पानी पीने व प्रतिदिन योग, ध्यान और प्रणायाम करने का परामर्श दिया। डॉ. मुकेश के मुताबिक हम सही से आयुर्वेदिक मसाले का उपयोग करें तो इम्यूनिटी को बढ़ा सकते हैं। हमें मसालों का सही से उपयोग करना चाहिए। वहीं उन्होंने कोरोना हो जाने पर डर को खत्म करने की अपील की। उन्होंने बताया कि डर के कारण शरीर में ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है। इससे मुश्किल और ज्यादा बढ़ जाती है।

घर से निकलने पर बरतें सतर्कता

अपर महानिदेशक सुदर्शन पंतोड़े ने लोगों से कोरोना से बचाव के लिए बेवजह घर से न निकलने, घर से निकलने पर सतर्कता रखने भीड़ में नहीं जाने व हैंड सेनिटाईजर व मास्क के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने अवसाद से बचाव के लिए खुद को प्रसन्न रखने की अपील की।

साहूकारी लाइसेंस लेने की ऑनलाईन सुविधा

रायपुर। राज्य सरकार द्वारा साहूकारी लाइसेंस के लिए 02 अक्टूबर से ऑनलाईन सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वेबसाईट के मुख्य पृष्ठ पर साहूकारी लाइसेंस के लिए आवेदन करने का लिंक दिया गया है। जिसमें साहूकारी लाइसेंस आप्शन में जानकारी साहूकारी लाइसेंस के नवीनीकरण एवं नये लाइसेंस हेतु आवेदन किया जा सकता है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर साहूकारी लाइसेंस के लिए ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर एक माह की समय सीमा में लाइसेंस जारी किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है। ऑनलाईन आवेदन एवं ई-कोर्ट के माध्यम से निराकरण की प्रक्रिया के तहत आवेदक को व्यक्तिगत जानकारी देनी होती है। ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद आवेदन की सामान्य जानकारी की एंट्री होगी। आवेदक को जिला चुनकर जिस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करना है उसे सलेक्ट करना होगा। आवेदन के फार्मेट में आवेदक को पेन कार्ड, आधार कार्ड, पुराने साहूकारी लाइसेंस, इन्कमटेक्स रिर्टन आदि अपलोड करने होंगे। अपलोड प्रक्रिया के बाद आवेदक को मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा और ओटीपी सत्यापन होने पर आवेदन जमा हो जाएगा। आवेदक को एक आवेदन क्रमांक प्राप्त होगा, जिससे वह अपने आवेदन की स्थिति को पता लगा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन प्राप्त होने के बाद ई-कोर्ट व्यवस्था के तहत अनुज्ञा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। न्यायालय के रीडर द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इसके बाद न्यायालय में सुनवाई पश्चात पीठासीन अधिकारी द्वारा आदेश पत्र जारी किया जाएगा। ई-कोर्ट अंतर्गत बयान दर्ज करने की सुविधा दी गई है।



कोरोना से लड़ाई में बने एक दुसरे का सहारा

प्लीज...वैक्सीन आने तक मॉस्क ही इलाज

कोरोना वायरस बहुत सूक्ष्म लेकिन प्रभावी वायरस है, कोरोना वायरस मानव के बाल की तुलना में 900 गुना छोटा है

बचाव के उपाय

अभी कोरोना वायरस से बचने के लिए कोई दवा या एंटीडोट नहीं बना है, हालांकि तकनीकी चिकित्सा के अंदर कई सारे टीके और विशेष उपचार मौजूद हैं, लेकिन कुछ सावधानियों का पालन करने से हम कोरोना वायरस से रोकथाम कर सकते हैं :

- लॉकडाउन खत्म हो गया है परंतु फिर भी स्वच्छता का पालन करते रहें।
- ज़रूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें ।
- हाथों को बार-बार सैनिटाइज़र से साफकरते रहें ।
- जब कभी कहीं बाहर से आएं तो हाथों को साबुन या हैंडवॉश से धोएं ।
- किसी से हाथ न मिलाएं, किसी के नज़दीक न जाएं।
- सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखें ।
- अगर छींकें या खांसी आ रही है तो मास्क लगाना ज़रूरी है ।
- अगर छींकें और खांसी नहीं है तो मास्क न लगाएं ।
- घर के अंदर सफ़ाई का विशेष ध्यान रखें ।

लगभग 18 साल पहले सार्स वायरस से भी ऐसा ही खतरा बना था। 2002-03 में सार्स की वजह से पूरी दुनिया में 700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। पूरी दुनिया में हजारों लोग इससे संक्रमित हुए थे। इसका असर आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ा था। कोरोना वायरस के बारे में अभी तक इस तरह के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं कि कोरोना वायरस पार्सल, चिट्ठियों या खाने के ज़रिए फैलता है। कोरोना वायरस जैसे वायरस शरीर के बाहर बहुत ज़्यादा समय तक ज़िंदा नहीं रह सकते। कोरोना वायरस को लेकर लोगों में एक अलग ही बेचैनी देखने को मिली है।

कोरोना वायरस (सीओवी) का संबंध वायरस के ऐसे परिवार से है जिसके संक्रमण से जुकाम से लेकर सांस लेने में तकलीफजैसी समस्या हो सकती है। इस वायरस को पहले कभी नहीं देखा गया है। इस वायरस का संक्रमण दिसंबर में चीन के वुहान में शुरू हुआ था। डब्लूएचओ के मुताबिक बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफइसके लक्षण हैं। अब तक इस वायरस को फैलने से रोकने वाला कोई टीका नहीं बना है। इसके संक्रमण के फलस्वरूप बुखार, जुकाम, सांस लेने में तकलीफ, नाक बहना और गले में खराश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसलिए इसे लेकर बहुत सावधानी बरती जा रही है। यह वायरस दिसंबर में सबसे पहले चीन में पकड़ में आया था।

कोरोना वायरस की जानकारी ही लड़ने का उपाय है

विश्व में करीब 3.44 करोड़ कोरोना संक्रमित, 10.26 लाख से अधिक की मौत

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप से विश्वभर में करीब 3.44 करोड़ संक्रमित हैं और 10.26 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गयी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में तीन करोड़ 44 लाख 97 हजार तीन सौ 81 लोग संक्रमित हो चुके है तथा अब तक 10 लाख 26 हजार सात सौ 17 लोगों की मौत हो चुकी है।

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में इसके संक्रमण से 2.08 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है तथा यह महामारी विकराल रूप ले चुकी है और अब तक 73.31 लाख से अधिक लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं।

भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक संक्रमितों की कुल संख्या अब 64,73,545 हो गयी है। पिछले 24 घंटों में 75,628 मरीज स्वस्थ हुए हैं, जिसके साथ ही अब तक कोरोना मुक्त होने वालों की संख्या 54,27,706 हो गयी है। संक्रमितों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या कम होने से सक्रिय मामलों की संख्या 2]779 बढ़कर 9,44,996 हो गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान 1069 मरीजों की मौत हो गयी जिससे संक्रमण से अब तक जान गंवाने वालों की संख्या 10,0842 हो गयी है।

ब्राजील में अब तक लगभग 48.47 लाख से अधिक लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 1.44 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 11.88 लाख हो गई है तथा 20,981 लोगों ने जान गंवाई है। कोलंबिया ने कोरोना से प्रभावित होने के मामले में पेरू के पीछे छोड़ दिया है। यहां पर इस जानलेवा विषाणु से अब तक करीब 8.41 लाख लोग प्रभावित हुए हैं तथा 26,397 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यह कोरोना से संक्रमित होने के मामले में छठे स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 8.18 से अधिक लाख लोग संक्रमित हुए हैं और 32,535 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन कोरोना संक्रमितों की संख्या में सातवें स्थान पर आ गया है जहां यह संख्या 7.79 लाख हो गयी है। वहीं यहां इस वायरस से मरने वालों की संख्या 32,086 हो गयी हैं।

अर्जेंटीना ने कोविड-19 से प्रभावित होने के मामले में मेक्सिको को पीछे छोड़ दिया है। यहां इस जानलेवा विषाणु से अब तक 7.79 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 20,599 लोगों की मौत हुयी है। मेक्सिको में कोरोना से अब तक करीब 7.53 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 78,492 लोगों की मौत हो चुकी है।

कोरोना वायरस *

गंभीर लक्षण

कोरोना से मिलते-जुलते वायरस खांसी और छींक से गिरने वाली बूंदों के ज़रिए फैलते हैं। कोरोना वायरस अब चीन में उतनी तीव्र गति से नहीं फैल रहा है जितना दुनिया के अन्य देशों में फैल रहा है।

बोलने और शरीर के मूवमेंट में दिक्कत | छाती में दर्द या दवाब महसूस होना | सांस लेने में परेशानी या सांस की कमी

अन्य लक्षणों में नाक बहना या जमना, जी मचलना या उल्टी शामिल हो सकती है। गंभीर मामलों में यह निमोनिया और सांस न आने की वजह बन सकता है और जो कभी कभी मौत का कारण बन सकता है।

क्या है वैक्सीन अपडेट

भारत में कोरोना वैक्सीन को लेकर तैयारी चल रही है । संभावना है कि अगले कुछ महीनों में कोरोना वैक्सीन उपलब्ध हो सकती है । भारत ने अब वैक्सीन के रिसर्च के साथ इसके अगले फेस की तैयारियां भी चल रही हैं । एक जानकारी के अनुसार भारत सरकार ने कोरोना वैक्सीन को लेकर राज्य सरकारों को सलाह की है।

बाजार में कब आएगी वैक्सीन ?

फिलहाल इस वैक्सीन का तीसरे फेस का ट्रायल चल रहा है । अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि कंपनी दिसंबर तक वैक्सीन के प्रभावों की जांच कर लेगी और इसी महीने के अंत में या अगले साल की शुरुआत में इसे बाजार में उपलब्ध कराया जा सकता है। ऑक्सफोर्ड द्वारा बनाई कोविड वैक्सीन 'कोविशील्ड' से जुड़ी अच्छी खबर सामने आ रही है । डीजीसीआई से अनुमति मिलने के बाद सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ऑक्सफोर्ड वाली कोरोना वैक्सीन का क्लीनिकल ट्रायल शुरू हो गया है । रिपोर्ट की मानें तो, मुंबई के केईएम अस्पताल में ऑक्सफोर्ड द्वारा बनाई कोरोना वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल किया जाना तय हुआ।

भारत बायोटेक का दावा

भारत में कोविड -19 का प्रभाव जारी है । भारत में बन रही भारत बायोटेक की वैक्सीन 'कोवैक्सीन' से संबंधित एक अच्छी खबर सामने आ रही है । भारत बायोटेक ने घोषणा की है कि 'कोवैक्सीन' का पशुओं पर किया गया ट्रायल सफल रहा है ।

हैदराबाद में मौजूद भारत बायोटेक फर्म ने ट्वीट किया है कि 'भारत बायोटेक ने जानवरों पर इसक वैक्सीन का टेस्ट किया है और रिजल्ट पॉजीटिव हैं । भारत बायोटेक कंपनी आईसीएमआर के साथ मिलकर ही कोरोना की इस वैक्सीन 'कोवाक्सिन' को बना रहा है ।

भारत बायोटेक इस समय देश भर के 12 अस्पतालों में 1 हजार 125 रोगियों पर कोवैक्सीन की फेज 1 और 2 के क्लीनिकल जांच कर रहा है । इसमें दिल्ली और पटना का एम्स अस्पताल, विशाखापत्तनम का किंग जॉर्ज अस्पताल, हैदराबाद के निज़ाम का आयुर्विज्ञान संस्थान भी शामिल है । इसी के साथ-साथ रोहतक के पीजीआई में इसका ट्रायल भी चल रहा है । भारत बायोटेक की तरफसे यह खुशखबरी ठीक उस खबर के बाद आई है जब अमेरिकी कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपने कोरोना वैक्सीन के अंतिम चरण के ट्रायल को रोक दिया । फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्रा ज़ैनिका ने वैक्सीन ट्रायल को ह्यूमन ट्रायल में शामिल में शामिल कर लिया है । विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो, दुनिया में जो दूसरे ट्रायल वैक्सीन पर हो रहे हैं, उनके मुकाबले में भारत बायोटेक काफी आगे है ।

सिर्फराजधानी दिल्ली में ही अभी तक 2 लाख 68 हजार मामलों की पुष्टी की जा चुकी है । इसमें 5 हजार 193 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और 2 लाख 33 हजार लोग रिकवर किए जा चुके हैं । लगातार 5 महीने के लॉकडाउन के बाद अब सरकार ने उन सभी सेवाओं को खोलने के निर्देश दे दिए हैं, जो बंद थी और साथ ही साथ लोगों को जागरुक रहकर अपना काम करने का सुझाव दिया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो खुशियां हमे

जो खुशियां हमे खैरात में मिले, उसे हम पसन्द नही किया करते हैं, क्योंकि गम में कितने भी काले बादल छा जाएं, फिर भी हम नबाबो की तरह जिया करते हैं।

- श्याम सिंह चौहान

अहमियत सिंगार की

अहमियत सिंगार की,पर सादगी अपनी जगह। हुश्न के रानाइयों की चांदनी अपनी जगह। झुक गया सज़्दे जबीं जो, खुद ब खुद ही यार के, इश्क़ है अपनी जगह, पर बन्दगी अपनी जगह। इश्क़ में माना की गुल हो जाता ही है होश पर, होश है अपनी जगह, और बेखुदी अपनी जगह। मयक़दे हो पास घर के बेसहारों के तो क्या, बेबसी अपनी जगह है, तिश्नगी अपनी जगह।

- रूबी झा 'कमल'

ख़ास पाती

तार-तार हुई है वो सत्ता

तार-तार हुई है वो सत्ता के गलियारों में अखबार के किनारों में पैसे वाली ऊंची ऊंची मीनारों में घर,गली, मोहल्ले बाजारों में जब तक स्वार्थ पूरा ना हो उनका घूमती रहेगी यूं ही संसद की बयारों में नोची गई है उसकी अस्मत गीदड़ भेड़िए सियारों में खो चुकी है पहचान अपनी झूठे, पाखंडी,धूर्त आधारों में लूटा गया उसे आखिरी सांस तक क्यों बर्फ जम गई है हथियारों में सिसक-सिसक के मर गई अब रह गई है राजनीतिक विचारों में कोई है जो करे महसूस दर्द उसका या केवल रह गई है बस नारों में।

- प्रवीण माटी

चलो जाने दो, छोड़ो यार!

चलो जाने दो, छोड़ो यार! तुम नहीं समझोगे,, प्यार से परे हमारा प्यार ! तुम नहीं समझोगे,, फ़क़त आदमी ढूंढने में उम्र गुज़री लोगों की,, तुझे किया परवरदिगार! तुम नहीं समझोगे,, एक अरसा बीता तेरा यकीं न जीत सके हम, रहे अब तलक बेएतबार! तुम नहीं समझोगे,, मैं जानता हूँ, लहरों से लड़ना मुझे ही होगा, ज़र्ज़र कश्ती टूटी पतवार!तुम नहीं समझोगे, तेरे लिए दुआ मेरी बावते जरूरत नहीं होती,, होते दिल के सच्चे उद्गार! तुम नहीं समझोगे।

- अनिल अनमोल शर्मा

थाम खड़ग उठ वीर नागरिक

थाम खड़ग उठ वीर नागरिक, अब चरखे से काम न चलता। मैंने खुद ही पकड़ाया था, अब मैं खुद तुझसे हूँ कहता।। आज खेलती खेल सियासत, हैं चौसरी शकुनि चहुँओरा- देख देख दिन रात कुचालें, बुत भी मेरा खड़ा सिहरता।।

- रजनी रामदेव

काज ये अधूरा आज छोड़

काज ये अधूरा आज छोड़ कर जा रहा हूँ पूर्ण करने को कोई और फिर आयेगा बिखरे है आज हम पतझड़ की तरह फल फिर से लगेंगे बौर फिर आयेगा मानता हु तरीका ये बिल्कुल गलत है जो तरीके भी होंगे सही दौर फिर आयेगा अस्थियाँ बहा भी देना सिंध के ही नीर मे जो भगत का घर था लाहौर फिर आयेगा। **- नरेन्द्र गुप्ता कवि**

लोक प्रियता, सम्मान, और प्रतिष्ठा

लोक प्रियता, सम्मान, और प्रतिष्ठा ..इन सबकी चाहत सबको ही होती है पर इनको पाकर अभिमान का आ जाना उस अग्नि के समान है जो तप और पुण्य रूपी सुंदर पौधे जो भस्म कर देती है. इसलिए शांत रहकर मनन करें और प्रभुसत्ता में सतत ध्यान लगाए रहें?

- रश्मि चौधरी

वो बहुत देर से. मेरे और

वो बहुत देर से... ..मेरे और उसके ..बीच की दीवार... तोड़ने की कोशिश कर रहा था, ...पर मैं दीवार तोड़ने की बजाये ... कूद कर पहुंचने की सोचती रही , और एक दिन अचानक वो दीवार ढह गई.... मैं ...दीवार तो पार... कर सकती थी मगर अब मलबे का ढेर ... पार करना मुश्किल हो गया है। **- अनु मित्तल**

बलात्कार जैसे जघन्यतम अपराध पर

बलात्कार जैसे जघन्यतम अपराध पर राजनीति और जातिवाद का खेल खेलने वाले लोग भी किसी बलात्कारी से कम नहीं... ये समाज का वैचारिक बलात्कार करते हैं! इन्हें पहचान कर नष्ट करने की आवश्यकता है! शर्म आती है हम इस हमाज का हिस्सा हैं।

- शिवानी जयपुर

QUIZ TIME

1) 15 अगस्त 1947 को रायपुर के गांधी चैक में झंडा रोहण किसने किया था?
2) महारानी पद्मावती देवी किस रियासत की रानी थी?
3) महारानी विक्टोरिया द्वारा 'कैसर-ए-हिन्द' उपाधि लेने की स्मृति में रायपुर में जयस्तम्भ चैक के पास 'कैसर-ए-हिन्द' दरवाजा किस सन् में बनाया गया था?
4) बाहरा या बहरा का अर्थ है-
5) ब्रिटिश काल में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम कब आये थे? (1928 / 1921 / 1930)



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पंडित वामनराव लाखे (2) खैरागढ़ रियासत (3) सन 1877 में (4) एक बड़ा गहरा जलाशय कुंड (5) 1921

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1302 - बैजेंटाइन साम्राज्य तथा वेनिस गणराज्य के बीच शांति समझौता हुआ। 1824- मेक्सिको गणराज्य बना। 1830- नीदरलैंड से अलग होकर बेल्जियम नया देश बना। 1884- हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध आलोचक, निबंधकार एवं साहित्यिक इतिहासकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल का जन्म। 1931 - हिंदी एवं बांग्ला पार्श्व गायिका संध्या मुखोपाध्याय का जन्म। 1943- अमेरिका ने सोलोमन द्वीप पर कब्जा किया। 1957- सोवियत संघ (अब रूस) ने मानव इतिहास का पहला 83.5 किलोग्राम वजनी उपग्रह स्पूतनिक को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया। इस उपग्रह ने 92 दिन में 1400 बार पृथ्वी का चक्कर लगाया और पहली बार अंतरिक्ष से पृथ्वी पर रेडियो संदेश भेजा। 1963- क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान 'फ्लोरा' से छह हजार लोगों की मौत। 1977- भारत के विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को हिंदी में संबोधित किया। हिंदी में दिया गया यह पहला संबोधन था। 1996- पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने श्रीलंका के खिलाफ 37 गेंदों में सबसे तेज शतक जड़ा। 2006- जूलियन असांजे ने खुफिया वेबसाइट विकिलीक्स की स्थापना की। 2011- अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) प्रमुख अबू बकर अल बगदादी को वैश्विक आतंकवादी के रूप में चिह्नित किया और साथ ही उस पर एक करोड़ डॉलर का ईनाम भी रखा। 2012- चीन में आये भूस्खलन से 19 लोग दबकर मरे। 2012- फॉर्मूला वन के बादशाह माइकल शूमाकर ने संन्यास लिया।

फैन्स ने की गोल्डन एंड वाइट जैकेट की डिमांड

बिग बॉस 14 प्रीमियर के लिए गौहर खान पहनी स्टाइलिश ड्रेस

नई दिल्ली। बिग बॉस 14 रियलिटी शो का आगाज आज होने जा रहा है।शो शुरू होने से पहले ही इसके वीडियो और फोटोज सोशल मीडिया पर धूम मचा रहे हैं।वहीं, हिना खान, सिद्धार्थ शुक्ला और गौहर खान का लुक भी इंस्टाग्राम पर सामने आ रहा है।बिग बॉस 14 के प्रीमियर पर गौहर खान और हिना खान के डांस परफॉर्मेंस की उम्मीद की जा रही है।हाल ही में गौहर खान ने वाइट एंड गोल्डन ड्रेस में अपने स्टाइलिश लुक की फोटो शेयर की है। गौहर ने इस फोटो के कैप्शन को देखकर लगता है कि गौहर गोल्डन कलर को काफी पसंद करती हैं, वहीं बिग बॉस में मिली कामयाबी को गौहर अपना लकी चार्म मानती हैं।

आउटफिट की बात करें, तो गौहर ने वाइट कलर का स्ट्रिप टॉप पहना हुआ है, जिसके फ्रंट पर गोल्डन एम्ब्रायडरी की हुई है।इसके साथ वाइट कलर का मैचिंग शॉर्ट टाउजर ग्लैमरस लुक दे रहा है।इस आउटफिट को परफेक्ट बनाने का काम गोल्डन कलर एंड वाइट एम्ब्रायडरी जैकेट ने किया है।गौहर ने अपने लुक को मिनिमल रखते हुए वाइट स्टड पहने हुए हैं।साथ ही गोल्डन फुटवेयर ने गौहर को बिग बॉस प्रीमियर में एंट्री के लिए परफेक्ट लुक दिया है।

इस फोटो को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।खासतौर पर गौहर की गोल्डन एंड वाइट जैकेट पर फीमेल फैन्स फिदा हो गई हैं।एक यूजर ने तो मजाकिया अंदाज में गौहर से उनकी जैकेट की डिमांड भी कर दी। हर सीजन की तरह इस बार भी गौहर खान नए सदस्यों पर तीखे सवालों की बौछार करते हुए नजर आएंगी।बिग बॉस 14 बाकी सीजन से कितना खास होगा, आज इसपर से पर्दा उठ जाएगा।

टाइगर श्राफ की बॉडी से इंस्पायर हुये अनिल कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर एक्शन हीरो टाइगर श्राफकी बॉडी से इंस्पायर हो गये हैं। बॉलीवुड में टाइगर श्रॉफको एक्शन स्टार्स के तौर पर शुमार किया जाता है। टाइगर श्रॉफको उनकी फिट बॉडी के लिए भी काफी सराहना मिलती है। इन दिनों टाइगर फिल्मों में तो नजर नहीं आ रहे हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। हाल ही में टाइगर ने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी एक बेहद ही हॉट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह अपनी बैक बॉडी दिखाते नजर आ रहे हैं। इस ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में टाइगर की फिट बॉडी दिख रही है। इस बॉडी को देखकर उनसे लोग इंस्पायर हो रहे हैं। अनिल कपूर ने टाइगर की इस तस्वीर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अनिल कपूर ने लिखा, शानदार, प्रेरणादायक'। संगीतकार और गायक हिमेश रेशमिया ने कमेंट किया 'सुपर।' हाल ही में टाइगर श्रॉफ का गाना 'अनबिलीवेबल' रिलीज हुआ है।

संजीदा शेख का ग्लैमरस अवतार देख फैन्स ने की तारीफ

नई दिल्ली। एक्ट्रेस संजीदा शेख ने सोशल मीडिया पर अपनी एक बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीर शेयर की है। जो कि फैन्स को खूब पसंद आ रही है। इसमें संजीदा बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश लग रही हैं। एक्ट्रेस बीते कुछ समय से इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ शानदार और बोल्ड तस्वीरें पोस्ट कर रही हैं।

लेटेस्ट तस्वीर में संजीदा ओपन हेयर और रेड ब्रालेट टॉप में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने इस फोटो के साथ कोई भी कैप्शन नहीं लिखा है, केवल एक इमोजी का इस्तेमाल किया है। एक्ट्रेस की इस तस्वीर पर फैन्स अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। हजारों की संख्या में उनके फैन्स ने उनके लुक और अंदाज की तारीफ की है। एक फैन ने लिखा- संजू आप बहुत खूबसूरत हैं, लव फ्रॉम ईरान। वहीं एक अन्य फैन ने लिखा- मेरी तो सांसें ही रूक गई। एक फैन लिखता है- आज आपने तो आग ही लगा दी।

प्रेग्नेंसी के 5वें महीने में करीना ने शेयर की फोटो

नई दिल्ली। करीना कपूर इन दिनों अपना प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही हैं। हालांकि इस बीच वह अपना काम भी कर रही हैं। अब हाल ही में करीना ने अपनी एक फोटो शेयर की है जिसके जरिए उन्होंने बताया कि उनकी प्रेग्नेंसी का 5वां महीना चल रहा है। करीना ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, 5 महीने, और ज्यादा मजबूत हो रही हूं। वैसे रिपोर्ट्स की मानें तो करीना इन दिनों दिल्ली में हैं और अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग कर रही हैं। करीना के साथ सैफ और तैमूर भी दिल्ली में हैं। इसके साथ ही सेट पर करीना की सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

महिला कोचों के कौशल को निखारने के लिए एनसीए ने किए कई प्रयास

महिला कोचों के प्रशिक्षण के लिए सेमिनार आयोजित

मुंबई (वार्ता)। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की प्रतिभा खोज पहल के तहत देश भर में महिला कोचों के लिए सात सप्ताह तक चले सेमिनारों का समापन हो गया। एनसीए के शिक्षा विभाग के कोच सुजीत सोमसुंदर के नेतृत्व में और अतुल गायकवाड़, अपूर्वा देसाई और राजीब दत्ता के समर्थन में इस तरह की यह अभूतपूर्व पहल थी। बीसीसीआई से लेवल-2 प्रमाण प्राप्त 24 कोच और बीसीसीआई से लेवल-1 प्रमाण प्राप्त कोचों के अलावा भारत के पूर्व क्रिकेटर इस आयोजन का हिस्सा थे। इसमें कौशल को बढ़ावा देना, आधुनिक कोचिंग, तेज गेंदबाजी की कला को विकसित करना और प्रभावी शिक्षण के लिए माहौल तैयार करना शामिल था। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने कहा, ÷भारत में महिला क्रिकेट का विकास हो रहा है और हमारी महिला टीम ने पिछले कुछ आईसीसी टूर्नामेंटों में असाधारण प्रदर्शन किया है। देश के सभी हिस्सों से युवा प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। महिला कोचों के कौशल को निखारने के लिए एनसीए के प्रयासों की सराहना करता हूं। मैं इस पहल के लिए राहुल की अगुवाई में एनसीए की टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं।÷

सचिव जय शाह ने कहा, ÷बीसीसीआई भारत में महिला क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये सेमीनार इस दिशा में उठाया गया कदम सराहनीय है। लॉकडाउन ने हमें घर के अंदर रहने के लिए मजबूर कर दिया है और बीसीसीआई ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के माध्यम से ऑनलाइन सेमिनार आयोजित कर समय का सदुपयोग किया है।

एनसीए के अध्यक्ष राहुल द्रविड़ ने कहा, ÷महिला क्रिकेट काफी तेज गति से विकास कर रहा है और बीसीसीआई का उद्देश्य हमारे महिला कोचों को उनके विकास में सहयोग देना जारी रखना है। महामारी में हमने कुछ चुनौतियों का सामना किया है और मेरा मानना ??है कि हमारे शिक्षा विभाग ने महिला कोचों के साथ जुड़ने, उनके साथ काम करने और निरंतर विकास में उनकी मदद करते हुए समय का अच्छा उपयोग किया है। देश के सभी हिस्सों से युवा प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। बीसीसीआई भारत में महिला क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये सेमीनार इस दिशा में उठाया गया कदम सराहनीय है।

पेट्रोल-डीजल के दाम अपरिवर्तित

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल और डीजल के दामों में शनिवार को कोई बदलाव नहीं किया गया। बइससे पहले डीजल की कीमत में दो दिन गिरावट आई थी जबकि पेट्रोल का दाम दस दिन से लगातार स्थिर है। पिछले एक माह में डीजल तीन रुपये प्रति लीटर से अधिक सस्ता हो चुका है। विश्व में कोरोना वायरस के चलते अभी तक कच्चे तेल की मांग में बढ़ोतरी नहीं हुई है। तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन आयल के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपये जबकि डीजल 70.46 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपये प्रति लीटर और डीजल 76.86 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा।

कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.99 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा।

कोयला खदान कर्मियों को अब 'सुनिधि' पर मिलेगी भविष्य निधि और पेंशन संबंधित जानकारी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) ने कोयला खदान कर्मियों को भविष्स निधि और पेंशन से जुड़ी सभी जानकारियां एक प्लेटफॉर्म पर मुहैया कराने के लिए आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर सुपिरियर न्यू जेनरेशन इंफॉर्मेशन एंड डाटा हैंडलिंग इनिशिएटिव (सुनिधि) का शुभारंभ किया।

सीएमपीएफओ ने आज बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान का हिस्सा है। इसका शुभारंभ आज सीएमपीएफओ के धनबाद स्थित मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भविष्य निधि और पेंशन संबंधी दस्तावेजों का निपटान किया गया।

भारतीय मूल के भाई खरीदेंगे ब्रिटेन में कंपनी

लंदन। भारतीय मूल के कारोबारी भाई मोहसिन और जुबेर ब्रिटेन के सुपर मार्ट एएसडीई को अमेरिकी कंपनी वॉलमॉर्ट से खरीदेंगे। यह सौदा करीब 65 हजार करोड़ (8.8 अरब डॉलर) में होने की उम्मीद है। इसा भाईयों के माता-पिता 1970 में गुजरात से ब्रिटेन गए थे। दोनों भाई ब्रिटेन में पेट्रोल पंप की नामचीन चेन यूरो गराज के मालिक भी हैं। 71 साल पुराने इस सुपर मार्केट चेन की कमान 21 साल बाद फिर से ब्रिटेन के हाथों में आ जाएगी। भारतीय मूल के मंत्री ऋषि सुनक ने इसे बेहद खुशी का पल करार दिया है। गौरतलब है कि सुनक इंफोसिस के सह-संस्थापक एन. नारायण मूर्ति के दामाद हैं। इसा भाई इस सुपर मार्केट को टीडीआर कैपिटल के साथ मिलकर खरीद रहे हैं। ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने इसका स्वागत करते हुए ट्वीट किया, '' लगभग दो दशक के बाद एस्डा में फिर से ब्रितानी मालिकों की बहुलांश हिस्सेदारी होगी। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हुं। सुनक ने कहा कि एस्डा के नये मालिकों ने कंपनी में अगले तीन साल के दौरान एक अरब ब्रिटेन पाउंड निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है साथ ही ब्रिटेन स्थित आपूर्ति का हिस्सा बढ़ाने की बात भी कही है, ''मैं उन्हें इसके लिये शुभकामनायें देता हूं। सौदे की जानकारी देते हुए वालमार्ट ने कहा कि एस्डा अपना मुख्यालय उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में बनाए रखेगी।

विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर घटा

मुंबई (वार्ता)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में तीन अरब डॉलर घटकर 542.02 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले 18 सितंबर को समाप्त सप्ताह में यह 3.38 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 545.04 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.52 अरब डॉलर घटकर 499.94 अबर डॉलर रह गया। स्वर्ण भंडार भी 1.44 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 36 अरब डॉलर पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष पास आरक्षित निधि 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.61 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार एक करोड़ डॉलर घटकर 1.47 अरब डॉलर हो गया।

एकांश और फैजान के दम पर सहगल एंड चौधरी की जीत

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली अंडर-23 खिलाड़ी एकांश डोबाल (57 रन, 43 गेंद, दो चौके और 5 छक्के) और फैजान आलम (3/16) के शानदार खेल की बदौलत सहगल एंड चौधरी अकादमी ने निज स्पोर्ट्स को शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर एक रन से पराजित कर वाई यस स्पोर्टस प्रेजेंट वार फॉर कैश टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

पहले खेलते हुए सहगल एंड चौधरी ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 135 रन बनाए जिसमें एकांश ने 57 और सुरेंद्र दहिया ने 23 रनों की पारी खेली। निज स्पोर्टस की तरफ से रौनक डबास ने तीन और हितेश जेमनी ने दो विकेट चटकाए। जवाब में निज स्पोर्ट्स की टीम चेतन बिश्नोई (45) और अखिल कोहार (19)के उपयोगी योगदान के बावजूद 20 ओवर में 134 रन ही बना सकी।

रालको बना हैदराबाद का मुख्य प्रायोजक

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की प्रमुख टायर निर्माता कंपनी 'रालको टायर्स' संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें संस्करण में सनराइजर्स हैदराबाद टीम की मुख्य प्रायोजक बन गयी है।

रालको टायर्स ने शनिवार को बताया कि वह सनराइजर्स हैदराबाद टीम का मुख्य प्रायोजक बन गया है। यह पहला अवसर होगा जब 40 साल पुराना टायर उत्पादक एक खेल प्रायोजक के रूप में मैदान में उतरेगा। अब सनराइजर्स हैदराबाद के सभी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ की जर्सी पर उनके मुख्य प्रायोजक रालको ब्रैंड का लोगो लगा होगा। कंपनी ने जारी बयान में कहा, ÷रालको, जो उन्नति के नए-नए आयामों की खोज में लगा रहता है, को खुशी है कि वह सनराइजर्स हैदराबाद का मुख्य प्रायोजक बना है। आईपीएल 2020 का आयोजन बहुत ही असाधारण परिस्थितियों में किया जा रहा है। इस संकट के समय में क्रिकेट का खेल पूरे देश को फिर एक साथ ले आएगा। जनता में अपने उत्कृष्ट उत्पादों की जानकारी बढ़ाने के लिए रालको इस मंच का एक प्रचार उपकरण के रूप में उपयोग कर रहा है।

आईपीएल-2020 : हारने वाली टीम के लिए आगे की राह काफी मुश्किल हो जायेगी

किंग्स की लड़ाई में जीतने उतरेंगे धोनी और राहुल

तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल पिछली हार को भुलाकर रविवार को होने वाले आईपीएल मुकाबले में जीत हासिल करने के मजबूत लक्ष्य के साथ उतरेंगे।

दुबई (वार्ता)। पंजाब और चेन्नई इस समय आईपीएल तालिका में निचली पायदान की दो टीमें हैं। पंजाब चार मैचों में एक जीत और तीन हार के साथ सातवें स्थान पर है जबकि तीन बार की चैंपियन और गत उपविजेता चेन्नई आश्चर्यजनक रूप से चार मैचों में एक जीत और तीन हार के साथ आठवें स्थान पर है। चेन्नई के कप्तान धोनी को हैरानी है कि उनकी टीम लगातार तीन मैच हार चुकी है और आखिरी पायदान पर है। धोनी को भी यह याद नहीं है कि उनकी टीम आईपीएल में कभी लगातार तीन मैच हारी है।

चेन्नई ने आईपीएल-13 में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को हराकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन उसके बाद उसे राजस्थान, दिल्ली और हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। चेन्नई को शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों सात रन से हार का सामना करना पड़ा था। चेन्नई के सामने 165 रन का लक्ष्य था लेकिन टीम पांच विकेट पर 157 रन तक ही पहुंच सकी।

रवींद्र जडेजा ने 50 रन और कप्तान धोनी ने नाबाद 47 रन बनाये लेकिन मध्य ओवरों में रन गति तेज न कर पाने के कारण चेन्नई को हार का सामना करना पड़ा। धोनी ने 36 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाये लेकिन मैच को अंत में फिनिश नहीं कर पाए जिसके बाद धोनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है और यह माना जा रहा है कि धोनी पर उम्र और थकान हावी हो रही है।

चेन्नई की बल्लेबाजी इस मैच में काफी निराशाजनक रही। शेन वाटसन की खराब फॉर्म इस मैच भी जारी रही और वह छह गेंदों में एक रन बना पाए जबकि चोट से उबरकर वापसी करने वाले अंबाटी रायुडू नौ गेंदों में आठ रन ही बना पाए। फाफ डू प्लेसिस 22 रन बनाकर रन आउट हो गए। केदार जाधव फिर फ्लॉप रहे और तीन रन ही बना सके। धोनी और जडेजा ने स्थिति संभाली लेकिन रन गति तेज नहीं कर सके जिससे चेन्नई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 28 रन चाहिए थे। दोनों ने यदि थोड़ी भी तेजी दिखाई होती तो चेन्नई यह मैच जीत सकती थी।

पंजाब की बल्लेबाजी भी पिछले मैच में निराशाजनक रही थी और उसे मुंबई के हाथों 48 रन से हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई ने चार विकेट पर 191 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसके दबाव में पंजाब की टीम आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी।

सलामी मयंक अग्रवाल 25, करुण नायर शून्य, कप्तान लोकेश राहुल 17, निकोलस पूरन 44 और ग्लेन मैक्सवेल 11 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई की तरह पंजाब को भी अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरत है।

रिलायंस रिटेल में निवेशकों की कतार

जीआईसी 5,512.5 और टीपीजी करेगी 1,837.5 करोड़ निवेश

नई दिल्ली (वार्ता)। मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल में निवेशकों का तांता लगा हुआ है और दो कंपनियों जीआईसी ने 5,512.5 करोड़ और टीपीजी ने 1,837.5 करोड़ रुपये निवेश का ऐलान किया। गत चार दिनों में ही कंपनी में पांच बड़े निवेशक रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) में निवेश कर चुके हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी आरआरवीएल में शुक्रवार देर रात जीआईसी ने 1.22 प्रतिशत इक्विटी के लिए 5,512.5 करोड़ रुपये जबकि शनिवार को टीजीपी ने 0.41 प्रतिशत इक्विटी के लिए 1,837.5 करोड़ रुपये निवेश की घोषणा की। दोनों सौदे में रिलायंस रिटेल की प्री-मनी इक्विटी को 4.285 लाख करोड़ रूपये आंका गया। रिलायंस रिटेल में निवेश का सिलसिला नौ सितंबर को सिल्वर लेक से शुरू हुआ , उसके बाद केकेआर, जनरल अंटलांटिक और मुबाडला जैसे वैश्विक निवेशक कोष निवेश कर चुके हैं। बुधवार को सिल्वर लेक ने रिलायंस रिटेल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई थी। जीआईसी और टीजीपी के निवेश को मिला कर अब तक 25 दिनों में सात निवेशों के जरिए रिलायंस रिटेल में 7.28 प्रतिशत इक्विटी के लिए 32.19 हजार करोड़ से अधिक का निवेश आ चुका है। वर्ष की शुरुआत में टीपीजी ने जियो प्लेटफॉर्म्स में 4,546.8 करोड़ रुपये का निवेश किया था। यह टीजीपी का रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक सहायक कंपनी में दूसरा निवेश है। रिलायंस रिटेल लिमिटेड के देश भर मे फैले 12 हजार से ज्यादा स्टोर्स में सालाना करीब 64 करोड़ खरीददार आते हैं। यह भारत का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से विकसित होने वाला रिटेल कारोबार है। रिलायंस रिटेल के पास देश के सबसे लाभदायक रिटेल बिजनेस तमगा भी है। कंपनी खुदरा वैश्विक और घरेलू कंपनियों, छोटे उद्योगों, खुदरा व्यापारियों और किसानों का एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहती है।

कोरोना संक्रमित शव के अंतिम संस्कार की जगह के लिए सर्व आदिवासी समाज आगे आया

■ **एसडीएम एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर जगह हेतु बनी आपसी सहमति**

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बीते दिनों कोरोना संक्रमित व्यक्ति के शव को दफ्नाने को लेकर वार्ड वासियो के विरोध के बाद अब सर्व आदिवासी समाज द्वारा सराहनीय पहल करते हुए आपसी सामंजस्य बनाकर जगह हेतु प्रसाशन के साथ सहमति बन चुकी है। मौके पर एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज,तहसीलदार पीआर पात्रे,सीएमओ आई एल पटेल,पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रमुख धीरज राणा,अशोक नाग,बलराम भास्कर गोविंद कुंजाम ,सुखराम राणा सहित गाँव के मांझी सहित पटेल बुधराम,कोटवार,गायता-परम एवं आस पास के आदिवासी समाज के गणमान्य लोगो की मौजूदगी रही। आपको बता दे कि समाज लोगो द्वारा गंगू पारा निवासियों से सहमति बनाकर जगह का चुनाव किया गया है। आदिवासी समाज के अशोक नाग द्वारा बताया गया कि बीते दिनों हुई घटना में जबरन आदिवासियों की छवि को खराब

करने की कुछ लोगो ने कोशिश की है। जबकि ऐसा कतई नही है आदिवासी समाज हमेशा से ही एकता बनाकर चलता आया है एवं प्रशासन का पूर्ण सहयोग करते आया है। अब कोरोना संक्रमितों के शव को अंतिम संस्कार करने किसी को भी परेशानी नही आएगी बशर्ते एसओपी का पालन एवं जो राज्य सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए है उसका पालन हो एवं सभी की सुरक्षा को मद्देनजर शव का अंतिम संस्कार नियमो के तहत किया जाए। आपको बता दे कि पालिका अध्यक्ष पूजा साव ,उपाध्यक्ष उस्मान खान पार्षद अप्पू कुंजाम सहित सर्व आदिवासी समाज एवं एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज की पहल के चलते आपसी सहमति से ये सब सम्भव हो पाया है। जगह का चुनाव किया जा चुका है उपरोक्त जगह पर पहुँच मार्ग एवं तारबंदी करके जगह सुरक्षित की जाएगी जिसमे पालिका एवं हस्ब्छष्ट प्रबंधन को दिशा निर्देश जारी कर उस क्षेत्र को प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके अलावा बिना वजह विरोध कर माहौल बिगाड़ने वालो के ऊपर एपिडेमिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही हेतु भी एसडीएम ने आदेश जारी किए है।

गांधी जयंती के अवसर पर राम कथा का सफल आयोजन

केशकाल। गांधी जयंती के पावन अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी धनोरा द्वारा आयोजित गांधी जयंती के पावन अवसर पर गाँधी जी की

छाया चित्र पर भाव पुष्प अर्पित करते हुए राम कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजिय राम कथा में वाचक ?श्रीमति भाग्यवती अग्निहोत्री मुख्य स्वर को दुलार दे रही थी श्रीमति यशोदा नेताम जी गायन में सहयोग दें रही थी श्रीमति हेमलता बेला यादव एवं भुवनेश्वरी राणा डफ्ली पर संगत कर रही थी श्रीमति यशोदा प्रधान ढोलक वादन कर रहे थे। जबकि प्रवीण अग्निहोत्री एवं मंजीरा में ज्ञान प्रकाश प्रधान के द्वारा राम कथा को सम्पन्न किया गया। इस कथा के श्रवण समय अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

अब 23 केन्द्रों में मिलेगी कोरोना के एंटीजन जांच की नि :शुल्क सुविधा

जगदलपुर। बस्तर जिले में कोरोना की एंटीजन जांच के लिए पांच नए केन्द्रों की स्थापना होने के बाद अब 23 केन्द्रों में कोरोना के निःशुल्क जांच की सुविधा मिल रही है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगदलपुर शहर के शहरी उप स्वास्थ्य केन्द्र अघनपुर और दलपत सागर वार्ड कार्यालय के साथ ही बस्तर विकास खण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केशरपाल, रोतमा और मुंडागांव में नया कोरोना जांच केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके साथ ही पूर्व में स्थापित महारानी अस्पताल जगदलपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बस्तर, भानपुरी, बकावंड, लोहण्डीगुड़ा, बड़े किलेपाल, तोकापाल, दरभा और नानगुर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हरावंड, आड़ावाल, नगरनार, पखनार, नेगानार, कोलेंग, काकलूर, कापानार, मूतनपाल में कोरोना जांच की सुविधा उपलब्ध है।

राष्ट्रीय सेवा योजना कांकेर ने ऑनलाइन मनाई गाँधी जयंती

कांकेर। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर तथा पं. विष्णु प्रसाद शर्मा उ.मा.वि. गोविंदपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के संयुक्त आयोजकत्व तथा रासेयो की कांकेर जिला संगठक डॉ आयेशा कुरैशी के संयोजन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 151वीं जयंती आभासी मंच के माध्यम से मनाया गया। कोविड-19 महामारी के कारण जिले के कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने ऑनलाइन जुड़कर स्थापना दिवस मनाया। आयोजक व संचालक कार्यक्रम अधिकारी डॉ जय सिंह ने आयोजन का उद्देश्य प्रस्तुत किया तथा संयुक्त आयोजक कार्यक्रम अधिकारी श्री आबिद खान ने स्वागत भाषण के माध्यम से जुड़े हुए सभी अधिकारियों व स्वयंसेवकों का अभिनन्दन किया। इस आयोजन में मुख्य संरक्षक राज्य एन.एस.एस. अधिकारी डॉ समरेन्द्र सिंह तथा मुख्य अतिथि पी जी कालेज के प्राचार्य डॉ के आर ध्रुव ने जिले के रा.से.यो. परिवार को गाँधी जयंती की बधाई व सन्देश प्रेषित किया।

टीचर्स एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर गांधी जयंती पर दिया सत्याग्रह संदेश

सक्ती। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सक्ती ब्लॉक अध्यक्ष

महेन्द्र राठौर सहित पदाधिकारी व शिक्षकों ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती को अपनी मांगों के लिए सत्याग्रह संदेश देते हुए कहा है कि सभी विभाग में पदोन्नति जारी है, तो शिक्षा विभाग में एल.बी.संवर्ग के शिक्षकों को 23 वर्ष तक की शिक्षकीय सेवा में भी पदोन्नति, क्रमोन्नति नही दी गई है। वर्ष 1998 से लगातार भर्ती किये गए हजारों शिक्षाकर्मियों को आज तक क्रमोन्नति व पदोन्नति नही मिली। एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर क्रमोन्नति का प्रावधान है, किन्तु नियम कायदे के चक्कर मे विभाग ने शोषण ही किया है। प्रदेश में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के 22 हजार पद रिक्त है, सहायक शिक्षक एल.बी. संवर्ग ही वहाँ प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं, उन्हें ही पदोन्नति देकर विभाग की गुणात्मक व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है, इससे शिक्षकों को वित्तीय लाभ के साथ सेवा संतुष्टि मिलेगी।

सोनगरा गौठान में वर्मी कंपोस्ट निर्माण परिचर्चा का किया गया आयोजन

सूरजपुर। सोनगरा गौठान विकासखंड प्रतापपुर में शिक्षा मंत्री के प्रतिनिधि श्री कुमार सिंहदेव की उपस्थिति में वर्मी कंपोस्ट निर्माण परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमे कृषि विज्ञान केंद्र अजरिमा से आये वैज्ञानिक श्री वीरेंद्र तिग्गा द्वारा वर्मी कंपोस्ट निर्माण की बारीकियों को महिला स्वयं सहायता समूह को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही उन्होनें कहां कि आने वाले दिनों में इनके द्वारा बटेर पालन, कड़कनाथ मुर्गी पालन, मछ्ली पालन गौठान में ही करके अतिरिक्त आय का जरिया बंनाने की बात कहकर प्रोत्साहित किया। जिस पर खुषी जाहिर करते हुए मंत्री प्रतिनिधि द्वारा विधायक मद से राशि दिलवाने की बात कही गई। ज्ञात हो कि खाद निर्माण की प्रक्रिया स्थानीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक सिंह के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि महिला समूह द्वारा प्रथम चरण के खाद निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। अब खाद का सैम्पल लाभांडी रायपुर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया जारी है।

आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य - दीपेश अरोरा

कोंडागांव। गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादूर शस्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । सुश्री लता उसेंडी द्वारा महात्मा गांधी के सिद्धांत (जिनमें स्वदेशी, स्वावलंबन, स्वच्छता एवं मानव सेवा प्रमुख है) के मूलमंत्र पर प्रकाश डालते कहा कि बापू के स्वच्छता के सपने को पंख देने का जो ऐलान पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से किया था, सरकार और जनता की जनभागीदारी से वो तेजी से आगे बढ़ रहा है।

माईक्लीनइंडिया अभियान हो, या सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जन जागरूकता जरूरीः घर व दफ्तर में वर्षो पुराने पड़े कूड़ा-करकट को साफ करने का काम । स्वच्छ भारत मिशन(शहरी व

ग्रामीण) ने अपेक्षा से कहीं आगे बढ़कर लक्ष्य हासिल किया है । जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने खादी का उपयोग एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन (वोकल फॉर लोकल) के अभियान पर प्रकाश डालते बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की अपने पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में की गई अपील ने खादी का कायाकल्प कर दिया । पिछले पांच वर्षो में इसकी बिक्री में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई । अब खादी ग्रामोद्योग न सिर्फ लाखों लोगों का आजीविका का साधन है, बल्कि मॉडर्न अवतार के साथ आत्मनिर्भर भारत की मुहिम की अग्रणी इकाई साबित हुई है । वक्ताओं के संबोधन पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय अम्बेडकर चौक से विकास नगर को जाने वाली सड़क पर सफाई व जन जागरूकता अभियान चलाया गया । इस दौरान भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष जैनेंद्र ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर पटेल, नपा उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, गोपाल दीक्षित, जितेंद्र सुराना, बालसिंह बघेल, दयाराम पटेल, संतोष मरकाम, संजु गहलोत,अशोक ब्रम्ह, अंकुश संचेती, लल्लु पारख, तिमिर पटेल, दयाराम पटेल, ललीत देवांगन, मोहिता पटेल व अन्य मौजूद रहे ।

आपातकालीन सुविधाओं से परिपूर्ण 108 एम्बुलेंस को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

■ **स्वस्थ रहिबो, निरोग रहिबो सुख ले सुघ्घर जिंदगी जिबो' स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले को एक और नई सौगात**

सूरजपुर। जिले में स्वास्थ्य और षिक्षा की अलख जगाने के उद्देष्य को लेकर चल रहे कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कवायदें की जा रही हैं जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएॅ मुहैया कराई जा सके। इसके साथ ही राज्य शासन भी स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव के निर्देषानुसार लगातार जिलों की मांगों को पूरा करता दिखाई दे रहा है। जिले में ऐसे मरीज जिन्हें तत्काल रेफर कर बेहतर उपचार के लिए रवाना करना होता है, उनके लिए

सर्वसुविधा युक्त एम्बुलेंस की आवष्यकता जिले में महसूस की जा रही थी, जिसे कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देषानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर.एस.सिंह के द्वारा राज्य शासन से मांग की गई थी, जो कमी भी आज पूरी हो गई। राज्य शासन से जिले को सौगात के तौर पर सर्वसुविधा युक्त इन्ट्राफेसिलिटी ट्रांसपोर्ट एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलेंस 108 वाहन (संजीवनी एक्सप्रेस) प्रदाय किया गया है जिससे तत्काल रेफर करने वाले मरीजों को बेहतर एम्बुलेंस सुविधा प्राप्त हो सकेगी। आज कार्यालय कलेक्टर परिसर से इसी सर्वसुविधा युक्त इन्ट्राफेसिलिटी ट्रांसपोर्ट एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलेंस 108 वाहन (संजीवनी एक्सप्रेस) को कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस.सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ सैकड़ों युकांईयों ने यूपी की बेटी को न्याय दिलाने निकाली मशाल रैली

■ **कांग्रेसियों ने किया मोदी/योगी सरकार का पुतला दहन**

कांकेर। प्रदेश युवक कांग्रेस के ऊर्जावान युवा अध्यक्ष पूर्णचंद्र पाढी जी व उपाध्यक्ष चक्रेश्वर गढ़पाले, जिला प्रभारी संदीप वोरा जी के उपस्थित और जिला कांग्रेस कमेटी के संघर्षशील अध्यक्ष सुभद्रा सलाम जिला के मार्गदर्शन में कांकेर जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पंकज राज वाधवानी*के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सामूहिक बलात्कार की शिकार मनीषा वाल्मीकि की परिवार से मिलने जा रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष माननीय श्री राहुल गांधी जी और महामंत्री श्रीमती

प्रियंका गांधी वाड्रा जी को योगी सरकार की पुलिस ने बर्बरता पूर्वक कार्यवाही करते हुए रोकने का प्रयास कर धक्का-मुक्की किया और जमीन पर गिरा दिया जिसके विरोध व देश की बेटी को न्याय दिलाने हेतु जिला मुख्यालय कांकेर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मसाल रैली निकाली तथा रैली के अंत में पुराना बस स्टैंड कांकेर में भाजपा सरकार के खिलाफ नरेंद्र दामोदर मोदी/योगी का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के बाद कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश युवा अध्यक्ष पूर्णचंद्र पाढी ने भाजपा की दमनकारी नीति और ऐसी ओछी हरकत की निंदा करते हुए भाजपा की योगी सरकार पर जमकर बरसा।

टीम सुई धागा ने बूढ़ों की आंखों में ला दिए खुशी के आंसू

■ **टीम सुई धागा ने नृत्य करके वृद्धजनों के चेहरे पर कोशिश की मुस्कान लाने की**

कोंडागाँव। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर गुरुवार को ग्राम पंचायत चौड़ंग में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामलाल सलाम सदस्य,जनपद पंचायत कोंडागांव विशिष्ट अतिथि हगरू राम नेताम,मनकू राम नेताम श्रीमती सुकमती नेताम ने मां सरस्वती व गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। सर्वप्रथम वृद्धजनों को एक-एक गमछा व श्रीफल भेंट के साथ गुलदस्ता व फूलमालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत चौड़ंग के सचिव वीस्वनाथ देवांगन ने

कहा कि वह लोग बड़े खुश नसीब होते हैं जिनके वृद्ध माता-पिता घर में आनंद से रहते हैं। हमें ऐसे लोगों का सम्मान करते हुए हमेशा आदर देते रहना चाहिए।अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस सम्पूर्ण विश्व में एक अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन पर वरिष्ठ नागरिको और वरिष्ठ सम्बन्धिओं का सम्मान किया जाता है। वरिष्ठों के हित के लिए चिन्तन भी होता है। वर्तमान में वृद्धसमाज विफलीकरण से अत्यधिक ग्रस्त हैं। हमें उनके पास बैठकर सुख दुःख साझा करने की जरूरत है। यद्यपि वरिष्ठजन सर्वाधिक अनुभवी होते हैं, तथापि कोई भी व्यक्ति उनका

अभिप्राय व परामर्श स्वीकरते नहीं। अतः 'हम प्रयोजनहीन हैं' ऐसा वे वृद्धजन अनुभव करते हैं। इस कारण से हमारा वृद्धसमाज सर्वथा दुःखी ही दिखाई देता है। अतः वृद्धजनो का और वरिष्ठ नागरिको के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए इस दिवस का आयोजन किया जाता है। वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गो के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित कर सभी वरिष्ठजनों को बुलाकर सम्मान किया जाना चाहिए,यह उसी कड़ी का हमारा प्रयास है। ताकि नई पीढ़ी को अनुभवी बुजुर्गों के अनुभवों का लाभ मिले। मुख्य अतिथि की आसंदी से रामलाल सलाम सदस्य जनपद पंचायत कोंडागांव ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे बहुत सुखद अनुभूति हो रही है मेरे जीवन काल में इस तरह का पहला अनूठा आयोजन है। हमें बुजुर्गो के पास बैठकर सीखना चाहिए यह हमारे लिये गौरव की बात होगी। हम संकल्प शक्ति से कल को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए कृतसंकल्प हैं। कार्यक्रम में ग्राम रोजगार सहायक श्रीमती प्रेमवती नेताम ने अनुभ सुनाकर लोगों को को भाव विभोर कर दिया,कहते हुए कि कल हम भी उसी स्टेज पर होंगे तो हमें भी सम्मानित करेंगे तो कितना अच्छा महसूस होगा,हमें वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेने का यह दिन है।

कार्यक्रम को ग्राम पंचायत चौड़ग के सरपंच श्रीमती मंगतीन नेताम,पटेल श्री डोकेराम नेताम व उपसरपंच श्री राम कुमार नेताम ने भी संबोधित किया 7 ग्राम पंचायत चौड़ंग की महत्वाकांक्षी परियोजना नवा उजर के अन्तर्गत पायलट प्रोजेक्ट टीम सुई धागा की सभी प्रशिक्षु युवतियों ने उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों के व वृद्धजनों के सम्मान में स्वागत गीत,नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया,उपस्थित लोगों को नशामुक्ति का शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम के दौरान पंच श्री गणेश सलाम,सुश्री प्रमिला नेताम,श्रीमती सोनीबाई कोर्राम,सिलाई प्रशिक्षक सुश्री ममतादास महंत व टीम सुई धागा के सभी प्रशिक्षु व ग्राम के वरिष्ठ जन व ग्रामीण युवा उपस्थित रहे रहे। कार्यक्रम का वर्चुअल गुगल मीट पर ऑनलाइन प्रसारण भी किया जा रहा था।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

प्रदेश के 10 जिलों में...

186 सैंपल शामिल हैं।

सीरो सर्विलेंस के लिए हर जिले से आम नागरिकों के औसतन 240 और उच्च जोखिम वर्गों से 260 सैंपल लिए गए थे। आईसीएमआर, नई दिल्ली और आरएमआरसी, भुबनेश्वर द्वारा राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से दस जिलों के 20 विकासखंडों के 60 क्लस्टर्स में सीरो सर्विलेंस के लिए सैंपल संकलित किए गए थे। सर्विलेंस के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों से सैंपल लिए गए थे। सीरो सर्विलेंस की रिपोर्ट के अनुसार रायपुर जिले के 13.06 प्रतिशत, राजनांदगांव के 3.75 प्रतिशत, दुर्ग के 8.61 प्रतिशत, बिलासपुर के 7.2 प्रतिशत, जशपुर के 1.51 प्रतिशत, बलौदाबाजार-भाटापारा के 5.57 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज के 1.74 प्रतिशत, कोरबा के 2.79 प्रतिशत, जांजगीर-चांपा के 8.2 प्रतिशत और मुंगेली के 3.64 प्रतिशत लोगों के शरीर में एंटीबॉडीज पाई गई हैं।

सीरो सर्विलेंस के दौरान रायपुर जिले के दो विकासखंडों के तीन-तीन क्लस्टर्स में संकलित कुल 505 सैंपलों में से 66 पॉजिटिव पाए गए हैं। तिल्दा विकासखंड से लिए गए 158 सैंपलों में से 13 और धरसींवा (रायपुर) विकासखंड से संकलित 347 सैंपलों में से 53 एंटीबॉडी पॉजिटिव पाए गए हैं। राजनांदगांव जिले से लिए गए 506 सैंपलों में से 19 पॉजिटिव हैं। राजनांदगांव विकासखंड से संकलित 321 में से 15 तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के 185 सैंपलों में से चार पॉजिटिव पाए गए हैं। दुर्ग जिले में लिए गए 499 सैंपलों में से 43 में एंडीबॉडीज की मौजूदगी पाई गई है। दुर्ग विकासखंड में संकलित 248 सैंपलों में से 25 तथा पाटन विकासखंड के 251 सैंपलों में से 18 पॉजिटिव पाए गए हैं।

अविभाजित बिलासपुर जिले के 500 सैंपलों में से 36 में एंडीबॉडीज मिले हैं। बिल्हा (बिलासपुर) विकासखंड के 282 में से 28 और पेंड्रा विकासखंड के 218 में से आठ सैंपल पॉजिटिव हैं। जशपुर जिले के 524 सैंपलों में से आठ पॉजिटिव पाए गए हैं। वहां जशपुर विकासखंड से संकलित 333 में से पांच में और फरसाबहार विकासखंड के 191 में से चार सैंपलों में एंटीबॉडीज मिले हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में लिए गए 502 सैंपलों में से 28 एंटीबॉडी पॉजिटिव हैं। भाटापारा विकासखंड के 196 सैंपलों में से छह एवं बलौदाबाजार विकासखंड के 306 सैंपलों में से 22 पॉजिटिव पाए गए हैं। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 515 सैंपलों में से नौ पॉजिटिव मिले हैं। बलरामपुर विकासखंड के 334 सैंपलों में से पांच तथा रामचंद्रपुर के 181 में से चार में एंटीबॉडीज मिले हैं।

सीरो सर्विलेंस के लिए कोरबा जिले से संकलित 537 सैंपलों में से 15 पॉजिटिव पाए गए हैं। कोरबा विकासखंड के 373 में से 11 और कटघोरा विकासखंड के 164 में से चार सैंपल पॉजिटिव हैं। जांजगीर-चांपा जिले के 500 सैंपलों में से 41 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। नवागढ़ (जांजगीर) विकासखंड के 171 में से 16 एवं बम्हनीडीह (चांपा) विकासखंड के 329 में से 25 सैंपलों में एंटीबॉडीज मिली हैं। सर्विलेंस के लिए मुंगेली जिले से लिए गए 495 सैंपलों में से 18 एंटीबॉडी पॉजिटिव हैं। वहां पथरिया विकासखंड के 206 में से तीन तथा मुंगेली विकासखंड के 289 में से 15 सैंपलों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

हाथरस पीड़िता के परिजनों...

देश को मँजूर नहीं। पीड़िता के परिवार को धमकाना बंद कीजिए। इस बीच कांग्रेस ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा श्री गांधी के नेतृत्व में पार्टी के सांसदों तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं का एक दल आज हाथरस जाएगा और पीड़ित परिजनों के साथ हो रहे पुलिस बर्ताव के बारे में विस्तृत जानकारी लेगा।

अब घर बैठे करवा...

करवानी होगी।. इसके बाद आप घर बैठे ऑनलाइन पूजा में हिस्सा ले सकते हैं. स्थानीय पुजारी आपके और आपके परिवार के नाम पर यह पूजा करेंगे. इतना ही नहीं प्रसाद भी आपके घर डाक के जरिये पहुंच जाएगा. श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार पूजा और प्रसाद के लिए तीन पैकेज उपलब्ध हैं- 500 रुपये, 1,100 रुपये और 2,100 रुपये. किसी श्रद्धालु द्वारा बुकिंग किए जाने पर परिवार के नाम पर पूजा की जाएगी और प्रसाद पैक कर दिया जाएगा। बुकिंग के 72 घंटे के अंदर डाक के जरिए प्रसाद घर भेज दिया जाएगा.।

करतारपुर कॉरिडोर...

के जवाब में कहा यह आवागमन कोविड-19 महामारी के प्रसार को देखते हुए रोका गया था। हम इसे लेकर गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय सहित सभी विभागों के संपर्क में हैं। कॉरीडोर को पुनः खोलने के लिए कोई भी फैसला कोविड प्रोटोकॉल और प्रतिबंधों में ढील के अनुरूप लिया जाएगा।÷

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि गत वर्ष करतारपुर कॉरीडोर को खोलने के समय और अक्टूबर 2019 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय समझौते में यह निर्णय लिया गया था कि दोनों पक्ष बूढ़ी रावी चैनल पर एक पुल सहित आवश्यक ढांचागत सुविधाओं का निर्माण करेंगे ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं आसान आवाजाही सुनिश्चित हो सके। तब से एक साल हो चुका है, पाकिस्तान ने पुल का निर्माण नहीं किया है जबकि भारत की ओर यह बनकर तैयार हो गया है। इसे लेकर भारत एवं पाकिस्तान की तकनीकी टीमों की 27 अगस्त को बैठक हुई थी लेकिन अभी तक पाकिस्तान की ओर से कोई प्रगति नहीं हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

थाने से चंद दूरी पर लूटेरों ने तमंचे की नोंक पर 95 हजार लूटा

■ **पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश**

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । पुलिस चुकी से चंद कदम की दुरी पर मोबाईल कारोबारी से रास्ता रोककर तमंचे दिखाकर दिनदहाड़े 95 हजार नगद ,सोने की चैन ,अंगूठी और गाड़ी की चाबी लूट कर आरोपी फरार हो गए । अंकित का कहना है की लुटेरे रोकते ही उसकी गर्दन पर कुछ अड़ा दिए, उसे नहीं पता वह क्या था। घटना की सुचना मिलते ही ककोरबा पुलिस मामले की तस्दीक में में जुट गई है। प्रार्थी के अनुसार लुटेरे की तलाश की जा रही है।

कोरबा में इन दिनों अपराधियों के हौसले कुछ ज्यादा ही बुलंद हैं। माफिआओं की खबरें तो आये दिन आ ही रही थी, अब दिन दहाड़े लूट की खबर ने पुलिस की रही सही फ़जीहत करा दी है। जानकारी के मुताबिक मोबाइल दुकान संचालक अंकित केसरवानी अपने

भाई के दिये पैसे को निहारिका क्षेत्र के शहीद भगत सिंह कॉलोनी में रहने वाले एक शख्स के घर से लाने के लिए गया था। शहडोल में रहने वाले अंकित के भाई के पैसे को जब वो लेकर लौट रहा था, तभी रास्ते में एसईसीएल आफिसर्स मानिकपुर पुलिस चौकी से महज 250 मीटर दूर नकाबपोश दो बाइक सवाल युकवों ने स्कूटी सवार अंकित का रास्ता रोक लिया।लूटेरों ने हथियार के बल पर अंकित के स्कूटी की डिक्की खोलवायी और फिर उसमें रखे 95 हज़ार नगद. गले में पहना चेन और हाथ से सोने की अंगुठी निकलवा ली और फरार हो गये। जाते-जाते लूटेरों ने पीड़ित अंकित के स्कूटी की चाबी भी लेकर फरार हो गये, ताकि वो पीछा नहीं कर सके। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है।

इस सम्बन्ध में कोतवाली थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि घटना की सुचना मिलते ही लुटेरो की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़ा जायेगा।

■ न्यूज गैलरी

अहिंसा, ईमानदारी और सेवाभाव का हो अनुसरण : सीईओ

कोरबा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिध्दांत और विचार आज भी प्रासंगिक हैं. उनके बताये गये मार्ग ङ्क सत्य, अहिंसा, ईमानदारी और सेवाभाव आदि का अनुसरण हम सभी को करना चाहिये ÷ यह बात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा ने जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को महात्मा गांधी के 150 वी जन्मजयंती के अवसर पर कही। श्री कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्णतः ईमानदारी एवं सेवाभाव से करना चाहिए। श्रीमती शिवकला कंवर अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा ने महात्मा गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डाला। श्री छत्रपाल सिंह कँवर ने गाँधी की प्रेरणादायक कहानी से सीख लेने को कहा 7 गणराज सिंह कंवर सभापति कृषि एवं स्थायी समिति जिला पंचायत कोरबा ने गांधी द्वारा बताये गये सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होने वैश्विक बीमारी कोविड-19 में सभी को सजगता एवं सुरक्षा के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने की बात कही। इसके पूर्व में श्रीमती शिवकला कंवर, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा, छत्रपाल सिंह कंवर, गणराज सिंह कंवर, सभापति कृषि एवं स्थायी समिति जिला पंचायत कोरबा, कुंदन कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा ने गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर आदराजंलि अर्पित की गयी। बापू के प्रिय भजन- ''वैष्णव जन तो तेने कहिये'' का श्रवण सभी जनप्रतिनिधी, अधिकारी कर्मचारियो द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.पी.भारद्वाज अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा ने किया। कार्यक्रम में कोविड-19 के सुरक्षा नियमो का पालन के साथ मनाया गया।

एडीएम अग्रवाल को दी गयी भावभीनी विदाई

कोरबा। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल को राज्य शासन द्वारा उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पदोन्नति दी गयी है। पदोन्नति के पश्चात उनका स्थानांतरण किया गया है। जिले के पद से भारमुक्त होने के पहले उनको जिला प्रशासन द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने श्री अग्रवाल को पुष्पगुच्छ और स्मरण चित्र भेंट कर विदाई दी। कलेक्टर श्रीमती कौशल ने श्री अग्रवाल के बुद्धिमता, व्यवहार कुशलता की प्रशंसा की तथा उनके नयी पदस्थापना, अच्छे स्वास्थ्य तथा अच्छे भविष्य के लिये शुभकामनाएं भी दी। विदाई सभा में उपस्थित सभी अधिकारियों ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री अग्रवाल को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुंदन कुमार, नगर निगम आयुक्त एस. जयवर्धन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सूर्यकिरण तिवारी, एसडीएम सुनील नायक, सीएमएचओ डॉ. बी.बी. बोडे तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्रीमती कौशल ने श्री अग्रवाल के धैर्य, संयम के साथ कार्यकुशलता की तारीफ की तथा आने वाले नये अधिकारी-कर्मचारियों को उनसे सीखने की जरूरत बताई। कलेक्टर ने जिला प्रशासन के लिये उनके स्थानांतरण को प्रशासनिक क्षति बताया। उन्होंने कहा कि जिले में उनकी कमी खलेगी तथा उनको एक अच्छे व्यवहार कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में याद किया जायेगा।

स्वस्थ होकर घर लौटे बृजलाल पुजारी सहित अन्य लोगों ने साझा किया अनुभव

बीजापुर - नवप्रदेश। कोरोना पॉजिटिव होने के पश्चात घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि स्वयं आगे आकर उपचार करायें। शासन द्वारा ईलाज के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। यह बात कोविड केयर हॉस्पिटल बीजापुर से उपचार करवाने के पश्चात स्वस्थ होकर घर लौटे बीजापुर निवासी 48 वर्षीय बृजलाल पुजारी ने अनुभव साझा करते हुए कहा। उन्होंने बताया कि वे कोरोना के सामान्य लक्षण खांसी, बुखार दिखायी देने पर स्वयं जांच करवाने के लिए अस्पताल गये और पॉजिटिव होने पर तत्काल कोविड केयर हॉस्पिटल में उपचारार्थ भर्ती हो गये। कोविड केयर हॉस्पिटल में मरीजों के उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। पुरूष वार्ड और महिला वार्ड पृथक-पृथक हैं, वहीं गम्भीर मरीजों के लिए विशेष तौर पर आईसीयू, आक्सीजन इत्यादि की उचित व्यवस्था है। ऐसे गम्भीर मरीजों को अलग से रखकर निरन्तर देखभाल की जाती है। बृजलाल पुजारी ने बताया कि कोविड केयर हॉस्पिटल के चिकित्सकों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा सभी मरीजों का नियमित स्वास्थ्य जांच करने सहित दवाई लेने तथा सतर्कता बरतने सम्बन्धी परामर्श दी जाती है।

सावधान! नौ कोरोना पॉजिटिव का लोकेशन नहीं मिला, स्वास्थ्य विभाग परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। औद्योगिक नगरी में कोरोना संक्रमण के मामले में कमी नहीं आ रही। रोजाना सौ से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे। शहर में जांच सैंपलिंग के दौरान लोगों के अपने निवास पता व मोबाइल नंबर की गलत जानकारी व स्विच आफ रखने के परिणामस्वरूप जांच रिपोर्ट पाजिटिव पर होम आइसोलेट करना व समुचित इलाज उपलब्ध कराने में दिक्कत आ रही है। ऐसे कोरोना बम शहर में खुलेआम घूम रहे हैं और अन्य लोगों को संक्रमित कर रहे हैं।

नगर निगम के कर्मचारी ऐसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रशासन ने बिना लक्षण या कम लक्षण वाले कोरोना पॉजिटिव मरीजों को होम आइसोलेशन की सुविधा दी है। साथ ही घर पर ही उनका समुचित इलाज किया जा रहा है, किंतु यह देखने में आ रहा है कि कुछ लोग कोरोना जांच सैंपलिंग के समय गलत पता, गलत मोबाइल नंबर दे रहे हैं, वहीं कुछ लोग अपना मोबाइल फोन स्विच आफ रख रहे हैं। इससे पाजिटिव आने से इलाज करना मुश्किल हो रहा है। निगम क्षेत्रांतर्गत अभी तक नौ ऐसे प्रकरण सामने आए हैं, जिनका मोबाइल नंबर गलत है या उन्होंने अपना मोबाइल फोन स्विच आफकर दिया है। इनमें कोरबा जोन के दो, कोसाबाड़ी जोन के छह तथा टीपी नगर जोन अंतर्गत एक पाजिटिव शामिल है। निगम के मैदानी अमले ने संबंधित वार्ड के पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ऐसे व्यक्तियों का पता लगाने व खोजने का कार्य कर रहे हैं।

यह है प्रक्रिया

स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करने के बाद रिपोर्ट और व्यक्ति से जुड़ी जानकारी कंट्रोल रूम को देती है। इसके बाद कंट्रोल रूम में पदस्थ कर्मियों की टीम संक्रमितों को फोन कर संपर्क करती है। पॉजिटिव व्यक्ति को जरूरी सलाह के साथ ही टीम कब उन्हें लेने आएगी, इसकी जानकारी दी जाती है, वहीं होम आइसोलेशन की सुविधा शुरू होने के बाद मरीजों से भी पूछताछ की जाती है कि वे घर में रहना चाहते हैं या फिर अस्पताल में। अगर किसी का नंबर बंद रहता है तो उससे संपर्क करने के लिए लगातार प्रयास किया जाता है।

महिला समूहों से 12 अक्टूबर तक प्रस्ताव आमंत्रित

बीजापुर - नवप्रदेश। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन उसूर, बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम, कुटरू तथा बासागुड़ा बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेडी-टू-ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करने हेतु सक्षम महिला स्व-सहायता समूहों से प्रस्ताव आगामी 12 अक्टूबर को सांयकाल 4 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में आमंत्रित किया गया है। उक्त प्रस्ताव सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय पर उपरोक्त कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल फिट इण्डिया मूमेंट रन कार्यक्रम का आयोजन किया

बीजापुर - नवप्रदेश। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल फिट इण्डिया मूमेंट रन कार्यक्रम के तहत विवेक भंद्राल कमाण्डेंट 229 बटालियन की अध्यक्षता में बटालियन मुख्यालय एवं सभी समवाय में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत इस बटालियन के लगभग सभी जवानों द्वारा इसमें भाग लिया गया। फिट इण्डिया मूमेंट रन में बटालियन के अन्य अधिकारीगण भी शामिल हुए।

इस सम्बंध में विवेक भंड्राल कमाण्डेंट 229 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा इस बटालियन के जवानों को सम्बोधित किया गया एवं इस कार्यक्रम की उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बल के जवानों को ही नहीं बल्कि इस बल से जुड़े सभी लोगों, उनके परिवारों एवं समाज को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। इसके साथ ही 02 अक्टूबर 2020 को विवेक भंड्राल कमाण्डेंट 229 बटालियन द्वारा इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में धूमधाम से मनाई गई

बीजापुर - नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर ग्राम पंचायत संतोषपुर, कोतापाल, पनारापारा और धनोरा की महिला स्व सहायता समूहो की 48 महिलाओं ने भागीदारी की यह अवसर था जब महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के साथ ही पोषण के लिए जागरूक करने का केंद्र की ओर से अभिनव पहल की गई। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण सकनी की अगुवाई में विस्तृत क्रियाकलापों को संपन्न कराया गया गौरतलब है कि बीजापुर जिले में कोरोना का

प्रकोप भी जारी है इसे ध्यान में रखते हुए सावधानी के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में केंद्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपने विचार रखे इस अवसर पर केंद्र के भूपेंद्र ठाकुर ने महात्मा गांधी के संपूर्ण जीवन परिचय और अहिंसा के महत्व को जोर डालते हुए नैतिक ढंग से सामाजिक कार्यो को संपन्न कराने पर बल दिया, डॉक्टर कन्हैया लाल पटेल ने पोषण के महत्व के बारे में महिला स्व सहायता समूह को अवगत कराया और गांव में पोषण बाड़ी का स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

युवा कांग्रेस बीजापुर ने मोदी, योगी का फूंका पुतला

बीजापुर - नवप्रदेश। जिला युवक कांग्रेस बीजापुर ने हाथरस में राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा पर किए गए धक्का मुक्की के विरोध में शुक्रवार को नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा सत्ता लोभी भाजपा की गुंडागर्दी खुलेआम दिख रही है। इसकी जितना निंदा की जाए कम है। भाजपा की तानाशाही रवैया के खिलाफ विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। बीजापुर जिला अध्यक्ष मोहम्मद एजाज अहमद सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा ने जो आज हरकत की है उससे पूरे देश में तीव्र निंदा हो रही है। भाजपा ने विपक्षी पार्टी एवं आम नागरिक की आवाज उनके अधिकार को कुचलने और दबाने का प्रयास किया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर,प्रदेश कांग्रेस सचिव अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिपं. उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नगर पालिका अध्यक्ष बेहनुर रावतिया, उपाध्यक्ष नगर पालिका पुरषोत्तम सल्लुर, पार्षद प्रवीण डोंगरे, मोहम्मद एजाज अहमद सिद्दीकी, सन्तोष गुप्ता, मनोज अवलम,जितेंद्र हेमला, विनोद बड्डुदी,ऋषभ कुमार, सदाशिव राणा,वीरेंद्र ठाकुर,केसव कुमार के अलावा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अधिकारी क्यों है मौन, कहीं मिलीभगत का मामला तो नहीं, मालखरौदा के अधिकारियों पर उठ रहे सवाल

मालखरौदा । ब्लाक अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के 4 पंचायतों में ग्लो साइन बोर्ड युक्त यात्री प्रतीक्षालय बनाने के लिए जिला खनिज मद से 6लाख 24000 स्वीकृत हुआ था इसका कार्य ग्राम पंचायतों को ही कराना था लेकिन विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा कराया गया है अभी भी यात्री प्रतिक्षालय का कार्य बचा हुआ है लेकिन ठेकेदार ने अमनदुला और भेडिकोना सरपंच से कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र ले लिया है वही अब प्रस्ताव भी मांगा जा रहा है जिसको लेकर सरपंच और ठेकेदार में ठन गई है बताया जा रहा है अनूप अग्रवाल डभरा क्षेत्र के ठेकेदार द्वारा पूरा कार्य कराया गया है इसकी जानकारी

जिला के अधिकारियों को भी है यही वजह है कि आनन-फानन में कार्य कराया गया है इसकी भनक भी सरपंचों को नहीं लगा अब कार्य पूर्णता के साथ प्रस्ताव की मांग कर रहे है। वही इस संबंध में बड़े सीपत के सरपंच अंजनी राजेश साहू का कहना है की कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है जबकि हमारे देक रेख में किसी प्रकार का कार्य नहीं हुआ है गांव के पंच लोग भी बिना ग्राम पंचायत के जानकारी के पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं देने के लिए सरपंच को बोल रहे हैं जबकि ग्राम पंचायत अमनदुला के सरपंच प्रियंका गबेल एवं भेडिकोना के सरपंच सोंनकुवर बंजारे का कहना है उनके द्वारा कार्य पूर्णता संबंधी पत्र ठेकेदार को दिया जा चुका है हालांकि कार्य ठेकेदार ने कराया ।सभी जानकारी अधिकारियों को है इसके अलावा किसी प्रकार का सूचना बोर्ड जिस जगह में बना है वहां पर नहीं लगाया गया ।

बस्तर एसपी के प्रयास से जवानों को मिलेगी अब दोहरी योजना का लाभ

सैलेरी पैकेज के साथ एटीएम की सेवा लेना भी आवश्यक, शहीद की पत्नी को मिला इस सरकारी योजना का लाभ

जगदलपुर। बस्तर जिले के पुलिस अधीक्षक की पहल पर स्टेट बैंक आफ इंडिया जगदलपुर कलेक्टर शाखा के माध्यम से जिला पुलिस बल के समस्त जवानों को बैंक की एक लाभकारी योजना से जोड़ा जा रहा है इसके माध्यम से पुलिस के जवान अथवा अधिकारी इस योजना का दोहरा लाभ ले सकेंगे स्टेट बैंक की इस योजना के तहत 10 हजार से 25 हजार वेतनमान से लेकर 1 लाख तक के वेतनमान वाले कर्मचारी एवं अधिकारी लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत बीमा कराने एव बैंक खाता धारक के तहत जो लाभ पहले मिलता था अब उसी योजना को जवानों के मृत्यु होने पर इस योजना के तहत बीमा योजना का दोहरा लाभ मिलेगा ।कुछ दिनों तक इस योजना की जानकारी बस्तर के जवानों को नहीं थी किंतु जिला पुलिस अधीक्षक दीपक झा के द्वारा बैंक के अधिकारियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में प्रथम बार किसी जिले में जवानों को उनके बैंक खाते के

सैलरी के माध्यम से मिलने वाली रकम पर दोहरा बीमा योजना का फायदा मिलना प्रारंभ होगा ।वर्तमान में करीब 1500 जवान बस्तर जिले में कार्यरत है इस योजना के तहत उन सभी को इसका लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है।

इस जानकारी के तहत पुलिस के जवानो की कई बार दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है जिसके बाद उनके परिजनों को परिवार का भरण पोषण करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है चुकि जवान को उनके खाते में आने वाले वेतन को सैलेरी पैकेज करवाना होता है जिसकी जानकारी उन्हें नही होती थी। जो जवान को बैंक में जाकर करवाना पड़ता है जिसमें जवान के दुर्घटना से निधन पर उनके परिजनों को 5 लाख से लेकर 20 लाख तक की सरकारी योजना का लाभ मिलता है साथ ही जवान के एटीएम कार्ड पर 4 लाख से 10 लाख तक का लाभ भी मिलता है।

दरअसल बस्तर मे 22 वी बटालियन के कंम्पनी में तैनात प्र.आर. उपेन्द्र कुमार साहू नक्सली मुठभेड़ के दौरान14 मार्च को शहीद हो गए थे ।

जिसपर जिले के कप्तान दीपक झा के निर्देशानुसार उनके परिजनो को जागरूक करते इस योजना की जानकारी देते हुए लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया ।जिसके बाद परिजनों को निर्धारित प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण कर भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा जगदलपुर के अधिकारी द्वारा शहीद की पत्नी श्रीमती राधिका साहू को 5 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया

जानकारी के मुताबिक किसी भी मासिक वेतनधारी का खाता भारतीय स्टेट बैंक में होने पर इस योजना का लाभ लिया जा सकता है । उल्लेखनीय है कि भारतीय स्टेट बैंक में किसी भी अधिकारी / कर्मचारी का वेतन बचत खाता होने पर उस खाताधारक को दुर्घटना बीमा का प्रावधान है खाता धारक की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर उक्त योजना का लाभ परिजनो को दिया जाता है ।

इसका लाभ लेने परिजनों को मृतक के बैंक पासबुक की छाया प्रति , पोस्टमार्टम रिपोर्ट , पुलिस जांच प्रतिवेदन , मृत्यु प्रमाण पत्र , आधार कार्ड एवं पेन कार्ड की छाया प्रति तथा योजना का लाभ लेने वाले परिवार के सदस्य का बैंक पासबुक की छाया प्रति , पैन कार्ड एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करने पर संबंधित बैंक द्वारा दिए गए प्रपत्र की पूर्ति कर 90 दिवस के अंदर बैंक में प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

इस पूरी कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक कार्यालय जगदलपुर के विनोद चेरियान उप निरीक्षक (अ) , राजकुमार कतलम आरक्षक 289 एवं भारतीय स्टेट वैक कलेक्ट्रेट शाखा जगदलपुर के अधिकारी सतीश कुमार (मुख्य प्रबंधक) , सौरभ कुमार कोराकोपुलवार (ग्राहक सलाहकार) का विशेष योगदान रहा ।

जागरूकता के अभाव में होते थे वंचित

सैलरी पैकेज की जानकारी ना होने के कारण पुलिस के परिजन इस योजना का लाभ नही ले पाते थे किंतु बस्तर एसपी के पहल ने बस्तर जिला बल के करीब 1500 जवानों का डेटा सबमिट कर दिया है ताकि पुलिस के परिजनों को किसी प्रकार के तकलीफों का सामना ना करना पड़े और सरकारी योजना से वंचित ना होना पड़े

सैलरी के आधार पर मिलता है दुर्घटना बीमा

पुलिस बल में जिसकी सैलेरी 10 हजार से 25 हजार के अंदर है उनको 1 लाख,25 से 50 हजार पे 5 लाख,50 से 1 लाख के अंदर 15 लाख व 1 लाख से ऊपर सैलरी होने पर 20 लाख तक देने का प्रावधान है जिसका लाभ पुलिस के परिजनों को मिलने लगा है।

नक्सलियों में खूनी वॉर, 8 लाख के इनामी नक्सली की हत्या

बस्तर आईजी सुंदरराज का दावा, जल्द होगा आतंक का खात्मा

बीजापुर - नवप्रदेश। जिले में बीते एक महीने से नक्सली लगातार हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस दौरान माओवादियों ने पुलिस के जवानों, फारेस्ट रेंजर समेत एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों की हत्या कर दी है। जिले में चल रहे खून खराबे के माहौल के बीच शुक्रवार को एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। दरअसल, 8 लाख के इनामी नक्सली कमाण्डर की हत्या जूनियर कैडर द्वारा कर दी गई है। इस बात की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर की है।

आईजी का दावा है कि बीजापुर जिले में निर्दोष ग्रामीणों की हत्याओं को

लेकर नक्सली संगठन में फूट पड़ गई है। इन घटनाओं से परेशान होकर माओवादियों के निचले कैडर ने माओवादी कमांडर विज्जा मोड़ियम उर्फ बदरू की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस के मुताबिक, विज्जा पश्चिम बस्तर डिवीजन के गंगालूर एरिया कमेटी का इंचार्ज था और पिछले 15 सालों से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा था। उसके विरूद्ध बीजापुर के विभिन थानों में 18 अपराध पंजीबद्ध हैं। वह ग्रामीणों व जवानों की हत्या, लूट एवं अन्य जघन्य अपराधों में शामिल था।

ग्रामीणों की हत्या को लेकर माओवादी संगठन में फूट के कारण हुआ विवाद

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बयान जारी कर बताया कि बीजापुर में ग्रामीणों की हत्या को लेकर माओवादी संगठन में फूट के कारण 1 अक्टूबर को चितावर के जंगल में गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोडियम और गंगालूर एरिया कमेटी के विज्जा मोडियम के बीच विवाद हो गया था। माओवादी कमांडर दिनेश मोड़ीयम के निर्देश को मानने से इंकार करते हुये उनके अधीनस्थ स्थानीय माओवादी द्वारा गोली मारकर हत्या करने की जानकारी मिली है। इस मामले में बीजापुर पुलिस द्वारा सूचना की तस्दीक की जा रही है। यह भी जानकारी मिल रही है कि माओवादियों द्वारा हत्या के बाद विज्जा का शव देर रात परिजनों को सौंप दिया है। जिसका उसके गृह ग्राम मनकेली में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण बस्तर के अन्य क्षेत्र में भी माओवादी संगठन में ग्रामीण आदिवासियों से मारपीट, हत्या एवं अन्य हरकतों को लेकर नक्सल कैडर्स के बीच तनाव को स्थिति उत्पन्न हो रही है। आतंक के सहारे चलने वाले माओवादी संगठन का खात्मा होना निश्चित है।

■ न्यूज गैलरी

पुलिस टीम पर हमला, 14 धाराओं में केस दर्ज

महासमुंद। पुलिस की गाडियों में तोड़ फोड़ के मामले में कोमाखान पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। नर्रा के ग्रामीणों के खिलाफ 14 अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का आरोप है कि ग्रामीणों ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए सरकारी वाहनों में तोडफ़ोड़ एवं पुलिस पार्टी पर हमला करते हुए ईंट व पत्थरबाजी कर मारपीट की। जिससे तत्कालीन थाना प्रभारी के हाथ व कंधा, एएसआई के बाए हाथ एवं आरक्षकों को चोटें आई है। ग्रामीणों के खिलाफ धारा 147,148, 149, 186, 188, 186, 270, 294, 323, 321, 353, 427, महामारी अधिनियम 3 व 4 लगा है। पुलिस के अनुसार 30 सितंबर को तत्कालीन थाना प्रभारी प्रदीप मिंज को गांजा बेचने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम रवाना हुई थी। टीम के पहुंचने पर नर्रा मेन चौक पानी टंकी के पास 40-50 ग्रामीण उग्र होकर तोडफ़ोड़ पर आमादा हो गए।

जान से मारने की धमकी

महासमुंद। दलदली रोड स्थित शराब दुकान के बाहर फ्री में शराब मंगाने पर जान से मारने की धमकी मिल गई। इसकी शिकायत उसने पुलिस में की है। बेमचा निवासी मनीष विदानी ने पुलिस को बताया कि बाऊ नामक व्यक्ति से जब उसने फ्री में शराब मांगी तो उसने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

घर घुसकर महिला से मारपीट

महासमुंद। ग्राम शेर में पानी टंकी तोडऩे की बात को लेकर दो लोगों ने पड़ोस में रहने वाली महिला के घर घुसकर उसके साथ मारपीट कर दी। पति चुनेश्वर साहू ने बताया कि खुमान सागर और तुलाराम साहू ने पानी टंकी को तोड़वाने की बात कहते हुए उसकी पत्नी रामेश्वरी के साथ गाली-गलौज की। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

डूबने से मासूम की मौत

महासमुंद। पिथौरा में कुंए में डूबने से एक छह वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। ग्राम लहरौद निवासी राकेश यादव ने बताया कि घर के कुंए में डूबने से गौरव यादव की मौत हो गई।

जिला प्रशासन और वन विभाग हाथी को जंगल से बाहर खदेड़े वरना लुप्त हो जाएंगे : मुरलीधर

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेशमंत्री एवं भाजपा पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पिछले दो साल से गरियाबन्द जिला के वनांचल वासी को जंगली हाथी का आतंक और भय सता रहा है जिसे जिला प्रशासन एवं वन विभाग मिलकर जिस क्षेत्रवासी जंगली हाथी को वापस भगाने का प्रयास करें वरना जनधन की हानि भय से वनवासी भी मुक्त होने का इलाज करने का प्रयास करेंगे ऐसे में अपराध भी हो सकते हैं और जंगली हाथी की संख्या घटने का अंदेशा भी है या वनभैंसे व शेर की तरह लुप्त हो जायेंगे।

ग्रामीणों में भय का माहौल

आये दिन पिछले दो साल से गरियाबन्द जिले के फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबन्द एवं मैनपुर के जंगलों में जंगली हाथी के अतिक्रमण होने एवं मकान व फसल को नुकसान करने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। गरियाबन्द में हाथी के हमले एक से व्यक्ति की मृत्यु और एक घायल हुआ है इसके साथ ही खड़े फसलों को भारी नुकसान पहुँचाया है जिसके कारण जगंल भीतर के गांव में रहने वाले ग्रामीणों में भय ब्याप्त है । देखा जाए तो गरियाबन्द जिला प्रशासन और वन विभाग ने अब तक प्रवासी जंगली हाथी को भगाने एवं जिस मूल स्थान के हैं तक पहुंचाने की व्यवस्था नहीं किये हैं यह घोर लापरवाही है । भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने जिला प्रशासन एवं वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा है कि गरियाबन्द के वनवासियों को भगवान भरोसे छोड़ दिये हैं।

गरियाबंद पुलिस ने असहाय वृद्धा को सकुशल पहुंचाया घर

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। शुक्रवार एक बार फिर जिला मुख्यालय में पुलिस का मानवीय रूप देखने को मिला। नगर के बस स्टैण्ड में अचानक चक्कर खाकर गिरी महिला को पुलिस ने राहगीरो की सुचना पर अपने शासकीय वाहन में ससम्मान उनके तक पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को बस स्टैण्ड के पास ग्राम भेजराडीह की रहने वाली वृध्द सौहद्रा बाई अचानक चक्कर खाकर गिर गई। जो किसी तरह पास के ही अपने परिचित के व्यवसायी के यहां पहुंची। महिला काफी थकी हुई थी, शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार होने के कारण गरियाबंद आई थी परंतु अपने घर तक जाने में असमर्थ थी। इसे देखते हुए व्यवसायी ने उसे पानी

पिलाकर दुकान के पास ही बैठाया और इसकी सूचना सीटी कोतवाली गरियाबंद के थाना प्रभारी विकास बघेल को दी। थाना प्रभारी ने तत्काल पेट्रोलिंग वाहन भेजकर वृध्द महिला को उसके घर ग्राम भेजराडीह पहुचाने में सहायता की जो कि मुख्यालय से करीब आठ किमी है। पुलिस के सहयोग के किए महिला ने उसका आभार जताया। आरक्षक डिलोचन रावटे, योगेश ठाकुर, दिलीप तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

सूने मकान से 17 लाख की चोरी करने वाले चोर ने खोला चौंकाने वाला राज

सायकल चलाते अमलेश्वर से आता था रायपुर, लाखों रु. पार कर चुपचाप लौट जाता था घर

■ **बिजली विभाग के पूर्व अफसर के घर की चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। कोई शौक में महंगी कार तो किसी चोर ने गरीबी दूर करने के लिए पैदल ही चोरी की वारदातो को अंजाम दिया है। राजधानी पुलिस ने एक ऐसी अनूठी चोरी और चोर का पर्दाफाश किया है जो दूर गांव से रायपुर शहर आता और सूने घरों को अपना शिकार बनाकर जाता था। सायकल सवार ये चोर पूर्व में भी कई वारदातों को अंजाम दिया और मालामाल होकर उसी सायकल से अपने घर लौट जाता था। पुरानी चोरी का माल जब खत्म हो जाए तो फिर नए शिकार के लिए वह अमलेश्वर से करीब 7 किलो मीटर सायकल चलाते हुए डीडी नगर, कुशालपुर, सुंदरनगर और आसपास के ईलाकों में सूने मकान को अपना निशाना बनाता था। लेकिन इस बार जब वह पुलिस के हत्थे चढ़ा और अपने तरीकों का खुलासा किया तो सब इस दिलचस्प सायकल चोर के लाखों रुपए ले कर फिर से पैडल मालकर घर लौटने की बात सुनकर मुस्कुराए बिना नहीं रह सके।

इस बार बिजली विभाग के पूर्व अधिकारी के घर से उसने लंबा हाथ मारा और कुल मालअसबाब 17 लाख की चोरी कर चुपचाप सायकल चलाते हुए अमलेश्वर पहुंच गया था। जानकारी के मुताबिक 26 सितंबर को शाम छह बजे बिजली विभाग के पूर्व सेक्सन अधिकारी अपने पूरे परिवार के साथ सरोना निवासी अपनी बेटी के यहां गये हुये थे। दूसरे दिन जब वो अपने घर कुशालपुर लौटे तो घर के चैनल गेट में लगा ताला टूटा हुआ था। आलमारी का लॉकर टुटा हुआ था और उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी गायब थे। मामले में पीड़ित ने इसकी शिकायत पुरानी बस्ती थाने में दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की रकम और जेवरात समेत 17 लाख का माल जब्त कर लिया है।आरोपी के खिलाफ 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसएसपी यादव ने दिखाई दिलचस्पी तब पकड़ा गया आरोपी

घटना की शिकायत मिलने के बाद एसएसपी अजय यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुये एडिशनल एसपी लखन पटले और क्राईम एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी को जांच के आदेश दिये। पुलिस और सायबर टीम की मदद से जांच शुरू की गयी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कुछ दिनों पहले ही दुर्ग अमलेश्वर निवासी वियज शर्मा चोरी के वारदातों में जेल जा कर आ चुका है। रायपुर पुलिस ने संदेह के आधार पर विजय शर्मा को गिरफ्तार कर उससे कड़ाई से पूछताछ की गयी। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसी ने ही सायकल से चोरी की घटना को अंजाम दिया था, वारदात के बाद वो अपने घर अमलेश्वर आ गया था।

रेत तस्करी : नवप्रदेश की खबर पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान, जेसीबी व दो हाइवा पर कार्रवाई

-लगातार प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेकर कांकेर कलेक्टर ने जिले में अवैध रेत खनन पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

-रेत माफिया और तस्कर एक जेसीबी और दो हाइवा छोड़ हुए फरार, हो रही तलाश

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिला मुख्यालय में इन दिनों आदिवासियों के अधिकारों धता बताते हुए वन एव खनिज सपंदा का बाहरी 8 जिलों के कुछ लोगों द्वारा लगातार तस्करी कर दोहन किया जा रहा है। इनमें प्रमुख है रेत की तस्करी, जिसकी खबर नवप्रदेश के प्रिंट एडिशन 26 व 27 सितंबर लगाता प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद जो हुआ उसने जिला प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर दिया। कलेक्टर ने खबर व उसके बाद हुए घटनाक्रम को संज्ञान में लेते हुए खनिज अधिकारी को तत्काल रेत तस्करी की घटनाओं घटनाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नवप्रदेश में रेत तस्करी की खबर प्रकाशित होने के बाद आदिवासी समाज प्रमुखों ने इस पर संज्ञान लेते हुए प्रशासन को चुनौती देते हुए रेत तस्करी के खिलाफ जनआंदोलन चलाकर तस्करों पर नकेल कसने की बात कही। तो वहीं अब कांकेर कलेक्टर ने तत्काल अवैध रेत तस्करी रोकने खनिज विभाग को निर्देश जारी कर दिए जाने की बात सामने आई है।अब सवाल यह उठता है कि आखिर कोरोना संक्रमण की आपदा को अवसर में बदलने किस किस अफ्सर व जनप्रतिनिधियों के बीच सेटिंग हुई है जो रेत तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि वे आदिवासी इलाके से अवैध उत्खन्न कर रहे हैं।

इन स्थानों से हो रही तस्करी

काँकेर जिला मुख्यालय के ग्राम नारा भिरौद, भिरावाही, अरौद, चारामा विकासखण्ड के ग्राम गिरहोला चारभाठा सहित समस्त महानदी से रेत की अवैध तस्करी और वह भी बाहरी जिला के तस्करों द्वारा लगातार बीते 2 माह से की जा रही है। जसीबी चैनमाउंटेन के जरिए बड़े बड़े हाइवा वाहन से 12 से 17 हजार की कीमत पर कांकेर महानदी की रेत भिलाई, दुर्ग रायपुर भेजी जा रही है। लगातार खबर के बाद से काँकेर कलेक्टर के एल चौहान ने इस पर संज्ञान लेते हुए खनिज अधिकारी को नारा गिरहोला, अरौद, भिरौद चारभाठा जैसे से अवैध तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

रात में कार्रवाई की दरकार

खनिज विभाग ने शुक्रवार की दोपहर बाद जिला मुख्यालय से सटे नारा कोकड़ी महानदी में लगी अवैध रेत परिवहन में लगे एक जेसीबी और दो हाइवा वाहन पर कार्रवाई की । अब सवाल यह उठता है कि खनिज विभाग रात के रेत माफियाओं पर कार्रवाई कब करेगा।

बापू को श्रद्धांजलि देने पंचायत नहीं पहुंचे सरपंच और सचिव, अब चुप्पी और कुतर्क

मालखरौदा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के अधिनस्थ ग्राम पंचायत अमलीडीह में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लेकिन इस काय्रक्रम से सचिव-सरपंच ही नदारद रहे। जबकि 2 अक्टूबर को सचिवालय दिवस भी था। इस संबंध में इस संबंध में जनपद सीईओ से फोन पर चर्चा करने पर बोला गया कि आपके कहने पर हमें पता चला है पता करके बताया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत सचिव शत्रुघन साहू को फोन करने पर फोन को व्यस्त कर दिया जा रहा है। इससे सचिव की अपनी जिम्मेदारी को लेकर बरती जा रही लापरवाही साफ झलकती है।

सचिव इस मामले में अब बोलने से बच रहे हैं वहीं सरपंच पति कुतर्क दे रहे हैं।

सरपंच पति बोले-छोटे-मोटे कार्यक्रम में सचिव का पहुंचना जरूरी नहीं

गांधी जयंती का कार्यक्रम होने के बावजूद न ही सरपंच उपस्थित थे और न ही सचिव। एक पंच व उनके पति ही फोटो में उपस्थित दिख रहे हैं। यहां तक की गांव में रहते हुए भी सरपंच श्रीमती रजनी भूषण चौहान ग्राम पंचायत नहीं पहुंची। ग्राम पंचायत अमलीडीह में पंच पतियों का बोल बाला चल रहा है। वही सरपंच को फोन करने पर सरपंच पति भूषण चौहान द्वारा बोला गया कि ऐसे छोटे-मोटे कार्यक्रमों में सरपंच नही पहुंच पाएगी। सचिव के संबंध में पूछने पर कहा कि छोटे-मोटे कार्यक्रमों में सचिव को क्यों पूछे। वे दूसरे गांव से आते हैं। इससे साफजाहिर होता है कि ग्राम पंचायत सचिव व अधिकारियों के समर्थन से सरपंच पतियों का राज चल रहा है।

जिम्मेदारों की लापरवाही

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पंचायती राज का सपना देखा था ताकि गांव में खुशहाली आए लोगों को रोजगार मिले गांव के छोटे मोटे मामले गांव में ही निपट जाए । सरकार की सभी योजनाएं गांव तक पहुंचे। लेकिन जिनको पालन कराने की जवाबदारी दी गई है वही सरपंच सचिव श्रद्धांजलि देने तक नहीं पहुंच रहे हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी। अब देखना यह है कि जनपद सीईओ एस एस पोयम द्वारा क्या कार्यवाही किया जाता है।

गांधी जयंती कार्यक्रम में अमलीडीह पंचायत सचिव के नहीं पहुंचने के संबंध में जानकारी ली जाएगी।

-संदीप सिंह पोयम, सीईओ

30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

सांकरा। पुलिस को तीस लीटर कच्ची शराब पकडऩे मे कामयाबी मिली मुखबिर की सूचना पर सांकरा से लालमाटी रोड कच्ची रास्ता किनारे के पास दो व्यक्ति नीले एवं सफेद रंग प्लास्टिक जरकिन मे शराब बिक्री वास्ते रखा है कि सूचना पर जिसे घेराबंदी कर आरोपी रविंद्र नाथ कश्यप पिता हेमनाथ उम्र 21वर्ष निवासी छोटे लोरम (लालपुर) गौरी शंकर कश्यप पिता बिरंची कश्यप उम्र 28 वर्ष निवासी छोटेलोरम (लालपुर)थाना सांकरा को पकडा जिसके कब्जे से एक 30 लीटर वाली नीला प्लास्टिक जरकिन में भरी कुल 20 लीटर एवं 10 लीटर वाली सफेद प्लास्टिक जरकीन मे 10 लीटर कुल 30 लीटर देशी महुआ शराब कीमती रुपये 6000 को जप्त कर धारा 34(2) आब.एक्ट. की कार्यवाही कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है इस कार्यवाही में , प्रधान आर रामचरण चौहान ,आर. नरेंद्र बीसी, सूरज निराला, ज्ञान सिंह सिदार, खिलेश्वर बंजारे, म आर हेमलता सिदार का योगदान रहा।